
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक



# अमन लेखनी



ठग लाइफ का जारी हुआ .........

रेड 2 से संभलेगी करियर की गाड़ी......

वर्ष : 11 | अंक : 123 | लखनऊ, 20 अप्रैल, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी से मिले हिमंत बिस्वा सरमा

## भूपेन हजारिका जन्म शताब्दी समारोह के लिए किया आमंत्रित

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें संगीत के क्षेत्र में भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के उद्घाटन समारोह में आमंत्रित किया। अपने आधिकारिक आवास पर प्रधानमंत्री के साथ 20 मिनट की बैठक में मुख्यमंत्री सरमा ने मोदी को असम बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन करने और 5,700 करोड़ रुपये की गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना और दरंग मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की आधारशिला रखने के लिए भी आमंत्रित किया।

प्रधानमंत्री ने आगामी 8 सितंबर को आयोजित होने वाले इन समारोहों में मुख्य अतिथि बनने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया। सरमा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज नयी दिल्ली में माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से मिलना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैंने भारत रत्न डॉ. भूपेन हजारिका की जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में एक साल तक चलने वाले समारोह के उद्घाटन कार्यक्रम के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उन्हें असम आमंत्रित किया।

उन्होंने बताया कि हजारिका की जन्म शताब्दी वर्ष में पूरे भारत में कार्यक्रम के आयोजन और स्मारक सिक्का जारी करने आदि की योजना बनाई गई है। मुख्यमंत्री ने कहा, मैंने असम जैव-इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन करने का भी उनसे (प्रधानमंत्री मोदी) अनुरोध किया, जिसकी उत्पादन क्षमता 49 केटीपीए इथेनॉल है तथा इसमें फीडस्टॉक के रूप में 300 केटीपीए बांस का उपयोग किया जाएगा। असम बायो इथेनॉल प्राइवेट लिमिटेड (एबीईपीएल) बांस अपशिष्ट से ईंधन-श्रेणी का इथेनॉल उत्पादन करने वाली पहली जैव-रिफाइनरी है और इसकी स्थापना नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) और फिनलैंड की दो कंपनियों, फोर्टम और केमपोलिस ओवाई के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी के रूप में की गई है।

### पीएम मोदी से बात करना सम्मान की बात : एलन मस्क

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत करने के एक दिन बाद टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि वह इस साल के अंत में भारत की अपनी बहुप्रतीक्षित यात्रा करेंगे। एक्स पर एक पोस्ट में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सरकारी दक्षता विभाग का नेतृत्व करने का काम सौंपे गए व्यक्ति ने कहा कि पीएम मोदी से बात करना सम्मान की बात थी। टेस्ला भारतीय बाजार में अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के बेड़े को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है।

### हज कोटा, रणनीतिक साझेदार, पीएम मोदी के सऊदी अरब दौरे में होंगे मुख्य बिंदु

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब यात्रा से पहले विदेश मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री और क्राउन प्रिंस के बीच बहुत करीबी व्यक्तिगत संबंध हैं। प्रधानमंत्री मोदी की सऊदी अरब यात्रा पर विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने कहा कि यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत के लिए सऊदी अरब एक रणनीतिक साझेदार के रूप में स्पष्ट रूप से महत्वपूर्ण है...सऊदी अरब में बहुत बड़ा भारतीय प्रवासी समुदाय रहता है, जो संभवतः दुनिया में अपनी तरह का दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है।

# हमारे आदर्श इस्लाम विरोधी या मुस्लिम विरोधी बिलकुल नहीं : राजनाथ सिंह

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन राजनीतिक दलों की आलोचना की जो बाबर, तैमूर, औरंगजेब और गजनवी जैसे ऐतिहासिक पात्रों की प्रशंसा करते हैं, जिन्हें अक्सर भारत में आक्रमणों से जोड़ा जाता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से ऐसी प्रशंसा की उम्मीद की जाती है, लेकिन जब यह भारत के भीतर से आती है तो इस पर सवाल उठता है। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान में बाबर, तैमूर, औरंगजेब और गजनवी की तारीफ की जाती है तो यह समझ में आता है क्योंकि उनकी नीति और राजनीति दोनों ही भारत विरोधी हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) जो भी मिसाइलें बनाई हैं, उनका नाम बाबर, गजनवी जैसे आक्रमणकारियों के नाम पर रखा है।

राजनाथ सिंह ने आगे कहा कि हम पाकिस्तान के भारत विरोधी रुख को समझते हैं लेकिन इन लोगों की क्या मजबूरी है? क्या उन्हें लगता है कि बाबर, तैमूर, औरंगजेब, गजनवी का समर्थन करके उन्हें मुस्लिम समुदाय का समर्थन मिल जाएगा? ऐसा करके वे देश के मुस्लिम समुदाय का भी अपमान कर रहे हैं। सिंह ने छत्रपति शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप जैसे ऐतिहासिक व्यक्तित्वों से प्रेरणा लेते हुए भारत के समावेशी चरित्र पर जोर दिया, जिन्होंने धर्म की परवाह किए बिना सभी के लिए एकता और कल्याण को बढ़ावा दिया।

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे आदर्श इस्लाम विरोधी या मुस्लिम विरोधी बिलकुल नहीं थे। हकीम खान सूरी ने मुगलों के खिलाफ हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप के साथ लड़ाई लड़ी थी। छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में मुस्लिम समुदाय के लोग भी थे। छत्रपति शिवाजी महाराज के अंगरक्षकों में सबसे भरोसेमंद व्यक्ति मदारी नाम का एक मुस्लिम युवक था। ऐसे महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे नायक हैं।

उन्होंने कहा कि हम धर्म की राजनीति नहीं करते। हमारे लिए सभी भारतीय समान हैं। हमने यह अपने पूर्वजों से सीखा है। हमने यह अपने आदर्श छत्रपति शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप से सीखा है, जिन्होंने कभी धर्म के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव नहीं किया। उन्होंने हमेशा राम-राज्य के आदर्शों के साथ लोगों के कल्याण के लिए काम किया है। रक्षा मंत्री ने कहा, "ये तथाकथित धर्मनिरपेक्षतावादी दारा शिकोह के बारे में बात नहीं करते, इसी तरह, वे आदिल शाह के बारे में भी बात नहीं करते। आदिल शाह के कई आदेश देवी सरस्वती की पूजा से शुरू होते हैं।"

## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 26.c |
| न्यूनतम तापमान | 11.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 7,177/ g |
| चांदी | 96/ g |
| सेंसेक्स | 78,271.28 |
| निफटी | 23,696.30 |

# बिहार में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, बिहार के जमुई और नवादा जिलों में शनिवार सुबह दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पहली दुर्घटना जमुई के लछुआर पुलिस थाने के अंतर्गत महाना इलाके में हुई, जहां एक वाहन के सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा जाने से तीन लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। जमुई पुलिस की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, तीन लोगों (अंकित कुमार सिन्हा, बौआ गुप्ता और विक्रम यादव) की मौके पर ही मौत हो गई। घायल रोहित कुमार को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उसकी हालत स्थिर है। आगे की जांच जारी है। ग्रामीणों के अनुसार, पीड़ित एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। नवादा में हुई दूसरी दुर्घटना में काशीचक प्रखंड के लाल बिगहा इलाके में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल से घर जा रहे दो भाइयों की मौत हो गई। नवादा नगर पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान गुड्डू मिस्त्री और रंजीत कुमार के रूप में हुई है।

# स्वास्थ्य को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने दी जरूरी सलाह

## 'मैं एलोपैथिक दवा और इंसुलिन मुक्त हूं'

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार




नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने पर्याप्त नींद लेने, अपने खान-पान पर ध्यान देने और नियमित व्यायाम करके अपने स्वास्थ्य और काम करने की क्षमता में सुधार किया है। विश्व लिवर दिवस पर आईएलबीएस द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया है। जरूरी मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज मैं आपके सामने किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूँ।

अमित शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना है और देश की तरक्की में अपना योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूँ कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम करें और अपने मस्तिष्क के लिए छह घंटे की नींद लें। यह बहुत उपयोगी होगा। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहाँ इस अनुभव को साझा करने आया हूँ। उन्होंने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा, "मई 2019 से लेकर अब तक मैंने बहुत बड़ा बदलाव हासिल किया है। सही मात्रा में नींद, शुद्ध पानी, भोजन और व्यायाम करके मैंने जीवन में बहुत कुछ हासिल किया है। पिछले 4.5 सालों में मैं सभी एलोपैथिक दवाओं से मुक्त हो गया हूँ।"

शाह ने कहा कि इससे उनकी काम करने, सोचने और निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। मंत्री ने आईएलबीएस में एकीकृत यकृत पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन किया और संस्थान में यकृत स्वास्थ्य की थीम पर आयोजित कार्टून गैलरी का भी दौरा किया। शाह ने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, ₹मुझे कार्टून पसंद हैं, जिनमें मुझ पर आधारित कार्टून भी शामिल हैं।₹ उन्होंने गैलरी और यकृत स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए संस्थान की अन्य पहलों के लिए आईएलबीएस के निदेशक डॉ. एस सरीन की सराहना की। गृह मंत्री ने कॉरपोरेट घरानों से यकृत स्वास्थ्य के महत्व को प्रचारित करने और यकृत उपचार और अनुसंधान के क्षेत्र में काम करने वाले संस्थानों का समर्थन करने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### हम डरने वाले नहीं हैं, सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट पर बोले खरगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय के आरोपपत्र से पार्टी डरने वाली नहीं है। मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस की बैठक में कहा कि ईडी के आरोप-पत्र में सोनिया गांधी, राहुल गांधी का नाम, नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां जब्त, ये सब बदले की भावना से किया गया। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों की बैठक में कहा कि यह महज संयोग नहीं हो सकता कि ईडी की कार्रवाई एआईसीसी के अधिवेशन के तुरंत बाद हुई। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी, राहुल गांधी के खिलाफ ईडी के आरोप-पत्र पर सरकार की आलोचना करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हम डरने वाले नहीं हैं।

### परिवार के चार सदस्यों की हत्या का मामला

#### उच्च न्यायालय ने मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदला

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने अपने परिवार के चार सदस्यों की हत्या के लिए एक व्यक्ति को सुनाई गई मौत की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है। न्यायालय ने सजा में बदलाव करते हुए घटना के समय व्यक्ति के नशे की हालत में होने और उसके एक नाबालिग बेटे को देखभाल की जरूरत होने का जिक्र किया। राज्य के रायसेन जिले के सिमरेघाट गांव में 16 मई, 2019 को अपनी पत्नी सुनीता, पिता जालम सिंह, मां शारदा और बेटे सिद्धांत की हत्या के लिए जितेंद्र पुरविया को एक निचली अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी।

# आगरा पहुंचे अखिलेश, रामजीलाल सुमन से की मुलाकात

### बोले- मुझे गोली मारने की मिल रही धमकी

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार



लखनऊ, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगरा पहुंचकर सपा के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन से मुलाकात की। अखिलेश यादव आगरा ऐसे समया में पहुंचे थे जब रामजीलाल सुमन के एक बयान को लेकर बवाल मचा हुआ है। अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी बाबा साहब अंबेडकर के संविधान और उसके तहत हमें जो अधिकार मिले हैं, उन पर चलकर आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि तलवार लहराने वालों और गाली-गलौज करने वालों पर कार्रवाई होगी। हम भाजपा के विपरीत कानून के अनुयायी हैं।

अखिलेश ने कहा कि सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को डराना चाहती है, क्योंकि वो जानती है कि पीडीए की ताकत सपा के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि यह सब इसलिए हो रहा है क्योंकि आज सामंतवादी और प्रभुत्वादी को पता है कि उनकी सरकार है। मुझे गोली मारने की धमकी मिल रही है कि जैसे फूलन देवी को मारा वैसे तुम्हें मारेंगे, आखिरकार कौन हैं इनके पीछे? उन्होंने कहा कि पुरानी सरकार में कहा जाता था यूपी पुलिस में बस यादव है, ऐसी कई फर्जी खबरें चलाई जाती है। आज जो आंकड़े हैं वह खबर कहीं नहीं चल रही, आगरा में 48 थाने हैं बताओ पीडीए कितने हैं? मैनपुरी में 15 थाने हैं, उनमें 10 में सरकार के स्वजातीय लोग हैं, महोबा में 11 थाने हैं, 6 में सिंह साहब लोग हैं।

अखिलेश ने कहा कि मनमानी का दौर अब नहीं चलेगा क्योंकि अब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी का संविधान है, संविधान ही सर्वोपरि रहेगा, पहले भी था और आगे भी रहेगा। रामजीलाल सुमन ने हाल ही में करणी सेना के विरोध और धमकियों के मद्देनजर अपने और अपने परिवार के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। सुमन ने अपने बेटे और पूर्व विधायक रणवीर सुमन के साथ एक याचिका दायर की है जिसमें 26 मार्च को आगरा में उनके आवास पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है। यह हमला राणा सांगा पर उनकी टिप्पणी के बाद हुआ था। उन्होंने कथित तौर पर राजपूत राजा राणा सांगा को गद्दार कहा था।

# चमोली में कार खाई में गिरी, पांच बारातियों की मौत

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

चमोली, उत्तराखंड के चमोली जिले में शुक्रवार को तेज आंधी और बारिश के कारण एक कार के गहरी खाई में गिरने से उसमें सवार पांच लोगों की मृत्यु हो गई। ये सभी एक विवाह समारोह से लौट रहे थे। चमोली के जिलाधिकारी डॉ. संदीप तिवारी ने यहां बताया कि बिरही घाटी में निजमूला गांव के पास दुर्घटना की सूचना मिलने पर राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन लगातार बारिश और अंधेरे के कारण दुर्घटनास्थल पर बचाव कार्य में दिक्कत आई। उन्होंने बताया कि देर शाम छह से सात बजे के बीच हुई दुर्घटना के समय वाहन में पांच लोग सवार थे और पांचों की मौत हो गयी। बताया जा रहा है कि खराब मौसम के चलते घटना की खबर देर से लगी। दुर्घटनाग्रस्त कार कई सौ मीटर गहरी खाई में गिरी है। जिलाधिकारी ने बताया कि शवों को खाई से बाहर निकाले जाने का कार्य चल रहा है। इसी बीच, मौसम विभाग द्वारा चमोली जिले में अगले तीन दिनों के लिए जारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केन्द्र और स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया है।

# भारतीय वायुसेना की टीम ने रांची में शानदार एयर शो से मंत्रमुग्ध किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, भारतीय वायु सेना की प्रतिष्ठित सूर्य किरण एरोबैटिक टीम (एसकेएटी) ने शनिवार सुबह नामकुम आर्मी ग्राउंड में शानदार एयर शो से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह समेत वरिष्ठ रक्षा एवं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। इस कार्यक्रम को दो चरणों में विभाजित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम के एक चरण में छह विमानों ने करीबी संरचना में उड़ान भरी जबकि दूसरे चरण में इन विमानों ने जमीन से मात्र 100 फुट की ऊंचाई पर करतब दिखाए। एक अधिकारी ने कहा, इस एयर शो का आयोजन केवल करतब दिखाने के लिए नहीं किया गया बल्कि इस दौरान वायुसेना के जुनून, अनुशासन और उसकी भावना को दशार्या गया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने हालांकि बताया कि नौ विमानों में से तीन विमान शुक्रवार को रांची में बारिश और ओलावृष्टि के कारण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गए थे। उन्होंने कहा कि रांची में पहली बार विमानों ने इतनी कम ऊंचाई पर करतब दिखाए। अधिकारी ने बताया कि 1996 में गठित एसकेएटी ने भारत और श्रीलंका, म्यांमा, चीन, सिंगापुर और संयुक्त अरब अमीरात सहित दुनिया भर में 500 से अधिक ऐसे शो किए हैं। उन्होंने कहा कि अपने आदर्श वाक्य सदैव सर्वोत्तम के लिए जानी जाने वाली इस टीम का एयर शो युवाओं को प्रेरित करने और सशस्त्र बलों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के भारतीय वायुसेना के कार्यक्रम के तहत किया गया। यह कार्यक्रम रांची में रविवार को पुनः होगा। इसके बाद 22-23 अप्रैल को पटना में एयर शो होगा।

# दिल्ली में चार मंजिला इमारत गिरने से 4 लोगों की मौत, कुछ के फंसे होने की आशंका

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, शनिवार तड़के उत्तर-पूर्वी दिल्ली में चार मंजिला इमारत गिरने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जबकि मलबे में करीब आठ से दस लोगों के फंसे होने की आशंका है। यह घटना मुस्तफाबाद इलाके में हुई। पुलिस के मुताबिक, अब तक कम से कम 14 लोगों को बचा लिया गया है और उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां पहुंचने पर चार लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना सुबह 3:02 बजे मिली। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ), दमकलकर्मी और दिल्ली पुलिस की बचाव टीमें मौके पर पहुंच गई हैं। पुलिस ने आगे कहा कि वे इमारत के गिरने के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### कैसे गिरी 4 मंजिला इमारत?

माना जा रहा है कि शुक्रवार देर रात राजधानी के कुछ हिस्सों में आई धूल भरी आंधी और भारी बारिश के कारण इमारत ढह गई। अतिरिक्त डीसीपी (उत्तर पूर्व) संदीप लांबा ने कहा ₹शाम करीब 7 बजे हमें पीसीआर कॉल मिली। मौके पर पहुंचने पर हमने पाया कि धूल भरी आंधी के दौरान छह मंजिली निमार्णाधीन इमारत की दीवार गिर गई थी। एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (उत्तर पूर्व जिला) संदीप लांबा ने कहा कि आठ से दस लोगों के अभी भी फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा, एनडीआरएफ, पुलिस टीमों और डॉग स्क्वॉड की मदद से बचाव अभियान चल रहा है।

### अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद हादसा हुआ

शुक्रवार रात को अचानक मौसम में आए बदलाव के बाद यह हादसा हुआ है, जिसमें राजधानी के कई इलाकों में भारी बारिश और आंधी आई। हालांकि, इमारत गिरने का सही कारण अज्ञात है, लेकिन मौसम की स्थिति ने इसमें भूमिका निभाई हो सकती है। डिवीजनल फायर ऑफिसर राजेंद्र अटवाल ने कहा कि विभाग को सुबह करीब 2:50 बजे एक आपातकालीन कॉल मिली। उन्होंने कहा, हमारी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और पाया कि पूरी इमारत मलबे में तब्दील हो गई है। बचाव कार्य जारी है। कथित तौर पर चार मंजिला इमारत में 20 से 25 लोग रहते थे। बचाए गए आठ लोगों को इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ईडी की पूछताछ में बिल्डर अनिल मिठास ने उगले राज

### जल्द कुछ संपत्तियों को जब्त किए जाने की तैयारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्नति फारच्यून होल्डिंग लिमिटेड के संचालक अनिल मिठास से निवेशकों से ठगी गई रकम से खरीदी गईं कई संपत्तियों की जानकारी जुटाई है। दिल्ली व नोएडा समेत अन्य शहरों में ठगी की रकम से संपत्तियां खरीदे जाने की जानकारी सामने आई है। ईडी अब इन संपत्तियों को चिन्हित करने का प्रयास कर रहा है। जांच में सामने आया है कि अनिल मिठास ने विभिन्न सहयोगी संस्थाओं व शेल कंपनियों के माध्यम से निवेशकों की रकम को दूसरे खातों में डायवर्ट किया था। इनमें कई कंपनियां बाद में बंद कर दी गईं। फर्जी ऋण व अग्रिम भुगतान के माध्यम से भी ठगी की रकम को दूसरी संपत्तियों में निवेश किया गया था। बाद में रुपयों की कमी के कारण कंपनी की परियोजना लटक गई और निवेशकों की रकम डूब गई।

### पुलिस रिमांड पर अनिल मिठास

ईडी फ्लैट खरीदारों से ठगी के आरोपित बिल्डर अनिल मिठास को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा है। जांच में सामने आया था कि उन्नति फारच्यून होल्डिंग व आइवीआरसीएल इंफ्रास्ट्रक्चर एंड प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने आवासीय परियोजना के लिए निवेशकों से 522.90 करोड़ रुपये जुटाए थे। रेरा के निर्देश पर कराए गए आडिट में 107 करोड़ रुपये की हेराफेरी के साक्ष्य जुटाए गए थे।

# डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल ताराशक्ति केंद्र बनी महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्त्रोत

## विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने 30 उत्कृष्ट संचालिकाओं को किया सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। राजनीति में संकल्प और सेवा जब एक साथ चलते हैं, तो बदलाव की नई इबारत लिखी जाती है। सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की फ्लैगशिप सामाजिक पहल ह्लताराशक्ति केंद्रह्व इसका जीवंत प्रमाण है। शनिवार को आशियाना स्थित विधायक आवास पर आयोजित एक समारोह में विधायक द्वारा 30 सेंटर संचालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को धरातल पर उतारते हुए स्वावलंबन की सच्ची मिसाल पेश की है।

गौरतलब है कि ताराशक्ति केंद्र कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि विधायक डॉ. सिंह की व्यक्तिगत सोच और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे सीएसआर फंड के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सिलाई मशीनें, संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और परिवार की रीढ़ बन सकें। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अबतक1700 से अधिक सिलाई मशीनें प्रदान कर 150 ताराशक्ति केंद्र स्थापित कराए जा चुके हैं। इन केंद्रों के माध्यम से 7000 से अधिक महिलाएं कौशल विकास के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से



आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

### ताराशक्ति केन्द्रों की उपलब्धियाँ – समाज में बदलाव की कहानी

1. 28,000 इको-फ्रेंडली बैग्स का निर्माण और सरोजनीनगर के सभी 193 प्राथमिक विद्यालयों में स्टेशनरी के साथ वितरण कर बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा का व्यावहारिक संदेश गया। मातृशक्ति की इस पहल से बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त सरोजनी नगर बनाने का संकल्प लिया।

2. अबतक10,000 भाजपा झंडों का निर्माण, 2027 तक 2 लाख भाजपा ध्वज बनाकर पार्टी को समर्पित करने का लक्ष्य, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उपलब्ध कराया संसाधन, यह अभियानै जन जन तक भाजपा को पहुंचाने के लक्ष्य को साकार करेगा

3. 7,000 से अधिक महिलायें बनीं आत्मनिर्भर,1,000 से अधिक परिवारों का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हुई।

4. ताराशक्ति केंद्र महिलओं में सामुदायिक भावना और संगठन शक्ति का प्रसार भी कर रहे हैं, इन केन्द्रों से जुडी महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनओं के साथ ही विधायक द्वारा संचालित योजनाओं का सहज लाभ भी सुनिश्चित होता है।

### विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह का संदेश:

अक्टूबर 2022 में मात्र 4 केंद्रों से शुरू हुई यह यात्रा आज 150 से अधिक केंद्रों तक पहुँच चुकी है। मेरा सपना था कि हर प्राथमिक विद्यालय के हर बच्चे तक इको बैग पहुँचे, और आज वह सपना साकार हुआ। 10,000 भाजपा झंडों का निर्माण हमारे संगठन के प्रति महिलाओं की प्रतिबद्धता दर्शाता है। 2027 तक 2 लाख झंडों का निर्माण एक ऐतिहासिक लक्ष्य होगा। मैं सभी मातृशक्ति का आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस पहल को जन आंदोलन बना दिया। विधायक ने बताया अगले महीने में 5 नए ताराशक्ति केंद्रों की स्थापना की योजना है।

### सम्मानित सेंटर संचालिकाएं:

शहरी क्षेत्र: किरण भंडारी (अर्जुनगंज), रेणु सिंह (गोपालखेड़ा), संतोष (एसजीपीजीआई), पूनम सिंह (नीलमथा), सीमा कनौजिया (रजनीखंड), अर्चना (बंगला बाजार), सीतू (कल्लीपुरब), पूनम (बाबुखेड़ा), नीरज सिंह (रश्मिखंड), बबीता सिंह (देवी खेड़ा), कांति पांडेय (सदरौना), कमला (अलीनगर सुनहरा), प्रतिभा (रामाबाई), सीमा (आजादनगर), दीपमाला (वृंदावन योजना)

ग्रामीण क्षेत्र: प्रियंका (परवर पश्चिम), सुमन (बीबीपुर), आरती मौर्य (पानखेड़ा), कुस्मा (शिवरी), अल्पना (कन्नीखेड़ा), मधु (लतीफनगर), रागिनी (बेंती), प्रियंका अवस्थी (रामचौरा), सुनीता/ सलमा (मौंदा), अर्चना (कुरौनी), राम दुलारी देवी (जंगलीखेड़ा), मुन्नी देवी (हिम्मतखेड़ा), सरस्वती (गहलवारा), गीता (दोना), उषा (साहिजनपुर)

ताराशक्ति केंद्र आज सिर्फ एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि महिला जागरण का जन आंदोलन बन चुके हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह अभियान न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि समाज की सोच को भी नई दिशा दे रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ҄नारी शक्ति अभिनंदन҄ के और सी एम योगी की मिशन शक्ति के सपने को सरोजनीनगर की धरती पर सच्चे अर्थों में साकार कर रही है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी के फंदे से लटकता मिला मजदूर का शव

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक मजदूर ने संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान गवां दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से निगोहा के मदीखेड़ा शिरीष निवासी मजदूर सोनू (45) पिछले करीब 20 वर्षों से परिवार सहित अपनी ससुराल बिजनौर के मौलवी खेड़ा में गाँव से बाहर घर बनाकर रहता था। शुक्रवार रात सोनू कमरे के अंदर सो रहा था, जबकि परिवार के लोग बाहर सो रहे थे। देर रात करीब 3 बजे तेज हवा के साथ आंधी आने पर बाहर सो रहे परिजन उठकर कमरे के अंदर गए तो सोनू कमरे के अन्दर छत में लगे पंखे से साड़ी के सहारे मृत लटका मिला। यह देख कर पूरे परिवार के होश उड़ गए और परिजनों में कोहराम मच गया। बाद में मृतक की पत्नी रामावती ने घटना की सूचना सोनू के भाई मदी खेड़ा सिरीष में रहने वाले कौशल को दी। सूचना के बाद कौशल ने घटना से बिजनौर पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद पहुंची बिजनौर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा का कहना है कि उसने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन शुरूआती जांच में पता चला है कि मृतक शराब पीने का आदी था और नशे में ही यह घटना हुई है। फिलहाल मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं मृतक सोनू के परिवार में उसकी पत्नी रामावती के अलावा एक विवाहित सहित चार बेटियां और एक बेटा है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कैटरिंग ठेकेदार ने खाया जहरीला पदार्थ,मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनी नगर में शुक्रवार रात एक कैटर्स ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। गंभीर हालत में उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सरोजनी नगर के हाइडिल कॉलोनी निवासी परशुराम कैटर्स का काम करते हैं। उनका बेटा सोनू (35) भी साथ में कैटरर्स का काम करता था। बताते हैं कि सोनू घर से कुछ दूर मौजूद अपने गोदाम से शुकवार को काफी समय बीतने के बाद भी रात में वापस नहीं लौटा। इसके बाद उसका भाई अभिषेक गोदाम में उसे देखने गया। जहां सोनू तखत पर लेटा तेज उल्टियां कर रहा था। उसकी हालत अधिक गंभीर देख आनन फानन सरोजनी नगर सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने सोनू को मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में उसकी पत्नी सुमन के अलावा दो बेटे शिवांश और शिवम हैं। पुलिस का कहना है कि उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। सोनू ने यह कदम क्यों उठाया, इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं मृतक के घर वालों ने भी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व प्रधान के बेटे पर दबंगों ने किया हमला, घायल, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। गाड़ी में टक्कर मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। आरोप है कि एक पक्ष ने कार में सवार पूर्व प्रधान श्री कृष्णा के बेटे को पीट कर किया लहूलुहान जिसमें पीड़ित गंभीर रुप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ मुकदमा किया दर्ज।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र के भतोइया में बने अंडरपास के नीचे की घटना है। भतोइया गांव निवासी मेडिकल संचालक शुभम ने बताया कि वह अपनी कार से अपनी मां को लेकर वापस घर लौट रहा था। तभी शनिवार दोपहर को वह अपनी गाड़ी घर की तरफ मोड़ रहा था। तभी थाना क्षेत्र के मनकौटी निवासी वकील, शकील, अकील, अयान ने शुभम की गाड़ी में डाले से टक्कर मार दी। जिसका विरोध करने पर उक्त दबंगों ने जाति सूचक गालियां देते हुए धारदार हथियार लाठी डंडों सरिया से प्राण घातक हमला कर शुभम को लहूलुहान कर दिया। मौके पर भीड़ इकट्ठा होते देख उक्त दबंगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। इस संबंध में रहीमाबाद थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

## एयरपोर्ट पर थाइलैंड से लौटी महिला चिकित्सक का आईफोन चोरी,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर। लखनऊ। राजधानी के चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर बीते दिनों थाइलैंड से लौटी महिला चिकित्सक का कीमती आईफोन चोरी हो गया। पीड़ित ने मामले की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आलमबाग के गंगाराम राजाजी मार्ग, सिंगार नगर निवासी डॉ. देवेश राजानी का आलमबाग में निजी अस्पताल है। उनकी पत्नी डॉ. पीयूषा वाधवानी राजानी इस अस्पताल में महिला चिकित्सक हैं। डॉ. पीयूषा वाधवानी राजानी के मुताबिक वह बीती 14 अप्रैल को थाईलैंड से फ्लाइट के जरिए लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची। जहां एयरपोर्ट टर्मिनल के बाहर निकलने के बाद लैगेज ट्रॉली में अपना बैग व मोबाइल रख दिया और लगेज ट्राली लेकर पार्किंग पहुंची। इसके बाद वह लगेज ट्राली छोड़कर कार चालक से बात करने लगी। इसी बीच लगेज ट्राली से उनका कीमती आईफोन किसी ने चुरा लिया। बाद में जब लगेज ट्राली में मोबाइल नहीं मिला, तब उन्हें आईफोन चोरी होने की भनक लगी, इसके बाद उन्होंने सरोजनीनगर थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के जरिए चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

## मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट,रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में शुक्रवार शाम मामूली बात को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग चोटिल हो गए। बिजनौर के सेक्टर -ओ, मानसरोवर योजना, न्यू गुड़ौरा निवासी अंकित शर्मा के मुताबिक उसके पिता राधेश्याम शर्मा शुक्रवार रात करीब 8 बजे अपना ई रिक्शा चला कर घर जा रहे थे। तभी रास्ते में मोहल्ले के ही लाल बहादुर यादव शराब के नशे में खड़े गाली गलौज करने लगे। साथ ही मारपीट भी शुरू कर दी। किसी तरह राधेश्याम भाग कर अपने घर चले गए। आरोप है कि बाद में संदीप यादव, प्रदीप यादव और 10 -12 अन्य लोग उसके घर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों, ईंट पत्थरों से अंकित और उसकी बहन रीना, भाई अतुल और कैलाश के साथ मारपीट की। बाद में जान से मारने की धमकी देकर वहां से चले गए। इसी तरह लाल बहादुर के बेटे प्रदीप यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अपने भाई संदीप के साथ घर जा रहा था। तभी कॉलोनी में किराए पर रहने वाले अतुल शर्मा, अंकित शर्मा, अतुल के पिता, अतुल के चाचा और अन्य पांच लोगों ने लाठी डण्डों व धारदार हथियार से उसके ऊपर हमला कर दिया और गाली गलौज करने लगे। आरोप है कि उन लोगों की मारपीट से प्रदीप और संदीप के सिर फट गए। उन्होंने चीख पुकार मचाई तो मौके पर लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। बाद में संदीप और प्रदीप का सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया। फिलहाल बिजनौर पुलिस दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## लजर मसीह से जुड़ा था अमेरिका में पकड़ा गया आतंकी हैप्पी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अमेरिका में पकड़े गए बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआइ) के आतंकी हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पशियां का महाकुंभ-2025 में हमले की साजिश में गिरफ्तार खालिस्तानी आतंकी लजर मसीह से भी गहरा रिश्ता रहा है। लजर भी बेकेआइ का सक्रिय सदस्य है और हैप्पी को असलहे व ड्रग की सप्लाई करता था। ऐसे में महाकुंभ में हमले की साजिश में हैप्पी पशियां की भी भूमिका को नकारा नहीं जा सकता। आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) इस दिशा में भी जांच करेगा।

### कौशांबी से गिरफ्तार हुआ था आतंकी

पंजाब निवासी लजर मसीह को एसटीएफ ने मार्च माह में कौशांबी से गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से



तीन हैंडग्रेनेड, दो जेलिटन राड, दो डेटोनेटर, 7.62 एमएम की रूसी पिस्टल बरामद हुई थी। बाद में इस मामले की जांच एटीएस को सौंप दी गई थी। लजर से पूछताछ में सामने आया था कि अपने दोस्त अमृतसर (पंजाब) निवासी राहुल उर्फ काका के माध्यम से वह हैप्पी पशियां के संपर्क में आया था। तब यह भी सामने आया था कि हैप्पी अमेरिका में छिपकर रह रहा है। काका के भी अमेरिका में ही होने की बात भी सामने आई थी। लजर ने हैप्पी के गिरोह को कई बार हैंड ग्रेनेड, चाइनीज पिस्टल व हेरोइन सप्लाई करने की बात भी स्वीकार की थी। हैप्पी का करीबी खालिस्तानी आतंकी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा भी लजर के संपर्क में था। रिंदा पाकिस्तान भाग निकला था और आइएसआइ के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### रिंदा भी शामिल

लजर को रिंदा के माध्यम से ही पाकिस्तान निवासी सुल्तान जाट व राणा का वाट्सएप नंबर मिला था और पाकिस्तान से ड्रोन के माध्यम से सप्लाई किए जाने वाले असलहे व ड्रग लजर तक पहुंचने लगे थे। लजर बीकेआइ के जर्मन बेस्ड माड्यूल के मुखिया स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के भी सीधे संपर्क में था और उसके माध्यम से ही उसका संपर्क आइएसआइ एजेंटों से हुआ था।

## यूपी के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई जाएगी कोडिंग और AI

### ट्रिपल आइटी लखनऊ देगा शिक्षकों को हाईटेक ट्रेनिंग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (ट्रिपल आइटी), लखनऊ के विशेषज्ञ परिषदीय उच्च प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को ट्रेनिंग देंगे। यही नहीं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के प्रशिक्षुओं को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। कक्षा छह से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में डिजिटल लिटरेसी, कोडिंग व ऑर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआइ) को शामिल किया गया है। ऐसे में इन शिक्षकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) के संयुक्त निदेशक डॉ. पवन सचान ने बताया कि शिक्षकों को तीन महीने के बेसिक कोर्स का




प्रशिक्षण ट्रिपल आइटी के विशेषज्ञ देंगे। प्रदेश भर में डायट के 150 प्रवक्ताओं और हर जिले से कंप्यूटर शिक्षा का अच्छा ज्ञान रखने वाले 10-10 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

### दोनों मोड में दिए जाएंगे प्रशिक्षण

ट्रिपल आइटी के विशेषज्ञ इन्हें ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में प्रशिक्षण देंगे। विशेषज्ञ शिक्षकों व डायट प्रवक्ताओं को कोडिंग, डिजिटल लिटरेसी व एआइ के विषय में नवीनतम जानकारी देंगे। उन्हें बताएंगे कि किस तरह छात्रों को इसका रोचक ढंग से ज्ञान दिया जाए। प्रशिक्षण पाने वाले शिक्षकों को एससीईआरटी सर्टिफिकेट भी देगा। दो चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम को तैयार किया गया है।

### दो चरणों में होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम

पहले चरण में डायट प्रवक्ताओं को प्रशिक्षण दिलाया जाएगा, जो कि इसी महीने शुरू होगा। वहीं आगे दूसरे चरण में शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। फिलहाल ट्रिपल आइटी के विशेषज्ञों के माध्यम से तैयार मास्टर ट्रेनर शिक्षक आगे जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर दूसरे शिक्षकों को एआइ, डिजिटल लिटरेसी व कोडिंग के बारे में ज्ञान देंगे। विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से इसका पाठ पढ़ाने के लिए यह पहल की जा रही है।

## यस फाउंडेशन ने विश्व धरोहर दिवस पर कराई ऐतिहासिक यात्रा, 9 मूल्यों से जोड़कर दी जानकारी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। यस फाउंडेशन ने विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर शुक्रवार को एक विशेष हेरिटेज वॉक का आयोजन किया। यह कार्यक्रम पहल कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय संविधान के 9 मूलभूत मूल्यों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में बच्चों को संविधान के मूल्यों को ऐतिहासिक धरोहरों से जोड़कर समझाया गया। धर्मनिरपेक्षता की समझ उन स्थलों से दी गई, जहां विभिन्न धर्मों की कलाकृतियां एक साथ मौजूद हैं। प्रशासनिक और ऐतिहासिक भवनों के माध्यम से गणराज्य, न्याय और लोकतंत्र जैसे मूल्यों को समझाया गया।



पहल कार्यक्रम के मुख्य सहभागी जीशान, रचिता, हर्षिता, शिवांगी, गौरव, रम्शा, दिशा और दिव्यांशी ने वॉक का संचालन किया। अतिफ जी ने सरल भाषा में ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी दी। उनकी रोचक शैली ने बच्चों के लिए यात्रा को यादगार बना दिया।

टीम के सदस्य गौरव त्रिपाठी ने बताया कार्यक्रम में बच्चों को यह भी समझाया गया कि धरोहरें सभी के लिए समान हैं। इनका संरक्षण सभी की जिम्मेदारी है। इस तरह की गतिविधियां बच्चों को न सिर्फ इतिहास से जोड़ती हैं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों को व्यवहार में लाने की प्रेरणा भी देती हैं।

## रिसॉर्ट, बोटिंग, एडवेंचर! अब यूपी में भी होगा 'हिल स्टेशन' जैसा मजा

### झीलों–बांधों पर बनेगा टूरिज्म का हॉटस्पॉट!

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। प्राकृतिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार अब प्रदेश के बांध और जलाशयों को विकसित करने जा रही है। चित्रकूट, महोबा, सोनभद्र, हमीरपुर, झांसी, सिद्धार्थनगर और बांदा स्थित सात प्रमुख बांधों और झीलों पर अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा। जल क्रीड़ा (वाटर स्पोर्ट्स) आदि गतिविधियां शुरू कराई जाएंगी। पर्यटकों के ठहराव सहित अन्य सुविधाओं का भी विकास किया जाएगा।

### आधुनिक पर्यटन सुविधाएं होंगी

जिन बांधों और जलाशयों को प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है, उनमें चित्रकूट का गुंता बांध, महोबा का अर्जुन डैम, सोनभद्र का धंधरौल डैम, हमीरपुर का मौदहा डैम, झांसी की गढ़मऊ झील, सिद्धार्थनगर का मझौली सागर और बांदा का नवाब टैंक शामिल है। इन स्थानों पर आधुनिक पर्यटन सुविधाओं रिसार्ट, बोटिंग, वाटर स्पोर्ट्स, ट्रैकिंग और कैंपिंग जैसी गतिविधियों का विकास किया जाएगा। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग इन परियोजनाओं के लिए तकनीकी सहायता और आवश्यक अनुमतियां प्रदान करेगा। सरकार ने इसके लिए इस तरह योजना तैयार करने को कहा है, जिससे बांधों की सुरक्षा और संरचना पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### रोजगार की संभावनाएं पैदा होंगी

वाटर स्पोर्ट्स के लिए उपयुक्त पर्यावरण और सुरक्षा मानकों का पालन करने को भी कहा गया है। सरकार का मानना है कि इन बांधों-जलाशयों के पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने से पर्यटकों की आमद तो बढ़ेगी ही, होटल, रेस्तरां, परिवहन और गाइड सेवाओं आदि क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं भी पैदा होंगीं।



### अमेठी में बनेगा मलिक मुहम्मद जायसी का स्मारक

पर्यटन विभाग अमेठी में 14 करोड़ रुपये की लागत से पर्यटक सुविधाएं विकसित करेगा। इनमें सूफी संत, कवि और पद्मावत के रचयिता मलिक मोहम्मद जायसी की स्मृति में एक भव्य स्मारक का निर्माण भी शामिल है, जिसके लिए 10.86 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। 99.10 लाख रुपये से संत सतगुरु कबीर साहेब के बैठका का सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा। तिलोई ब्लाक के ग्राम धर्म स्थित बाबा दूलन दास स्थल के पर्यटन विकास पर 94.03 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। मुसाफिरखाना की ग्राम-पंचायत दादरा में हिंगलाज भवानी मंदिर में 62 लाख रुपये से पर्यटन विकास किया जाएगा। ग्राम ताला स्थित पौराणिक मुकुट नाथ मंदिर का पर्यटन विकास पर 59.16 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित के लिए हर प्रकार के पर्यटन के लिए आकर्षण विकसित किए जा रहे हैं।

## संक्षेप

### अलग अलग मार्ग दुर्घटना में दस घायल, 6 की हालत गंभीर

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में करीब दस लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। जिनमें से 6 को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार पहली घटना थाना क्षेत्र के लबानी के पास खेत से गेहूं काट कर रहे पापरि खेड़ा निवासी चौधरी व पत्नी सुनीता को बाइक से आ रहे चिंता पुरवा निवासी सूरज व पुतान ने टक्कर मार दी जिससे चारों लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया गया। इसमें गंभीर हालत देखते हुए सूरज व सुनीता को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी घटना में क्षेत्र के गांव गुरदासपुर निवासी ओम प्रकाश, अभिषेक, आदित्य, शिवांजलि, रंजीत, सुरेश सफीपुर के गेस्ट हाउस बारात गए थे। जहां से वापस आते समय कल्याणी नदी के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमे पांचो लोग घायल हो गए। एंबुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से ओम प्रकाश अभिषेक आदित्य व शिवांजलि को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सायकिल सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत

हसनगंज, उन्नाव। लखनऊ बांगरमऊ मार्ग तेगापुर गांव के पास मूसेपुर गांव से वापस आ रहे साइकिल सवार वृद्ध को अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए मियागंज की तरफ भाग निकला, घटना स्थल पर ही वृद्ध की मौत हो गई मौत की सूचना से परिजन बेहाल हो गए। न्योतानी नगर पंचायत केशव नगर मोहल्ला निवासी केशव प्रसाद कश्यप शनिवार 12 बजे क्षेत्र के ही मूसेपुर गांव निवासी देवेंद्र सिंह का चार बीघा तालाब ठेके पर लिए था। तालाब में पानी भरने के लिए साइकिल से गए थे। जहा से शाम 4 बजे साइकिल से वापस घर आ रहे थे तभी लखनऊ बागर मऊ मार्ग तेगापुर गांव के पास पहुंचा ही था, की मियागंज की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल में टक्कर मारते हुए मियागंज की तरफ भाग निकला टक्कर लगने से वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मौत की सूचना मिलते ही पत्नी गुड्डी सहित चार बेटी आरती पूजा, बेल कुमारी, शांति रो-रोकर बेहाल हो गई मृतक का बेटा जगदीश की भी सड़क दुर्घटना में 4 वर्ष पूर्व मौत हो गई है। कोतवाली प्रभारी संदीप शुक्ल ने बताया कि मौत की सूचना मिली है परिजन की तरफ से तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक को मारी टक्कर, चाचा की मौत, भतीजा घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। रूरी सादिकपुर गांव निवासी अनिल पाल (36) और उनके भतीजे जितेंद्र (26) बाइक से बेहटा मुजावर से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में अनिल पाल की मौके पर ही मौत हो गई। जितेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी मुन्ना कुमार ने बताया कि फरार वाहन की तलाश की जा रही है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# युवा और महिला एक देश एक चुनाव चाहते हैं तो महामहिम राष्ट्रपति को लिखें पत्रः भाजपा जिलाध्यक्ष

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। इस देश में महिलाओं राजनीति में भागीदारी होना आवश्यक है आपकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा मोदी जी के नेतृत्व में नारी वंदन अधिनियम लाई और इस एक देश एक चुनाव पर भी आपकी पर आपकी राय ले रही है देश को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एक देश एक चुनाव आवश्यक है यह जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी ने एक देश एक चुनाव के कार्यक्रम में कही।

जिलाध्यक्ष भाजपा ने आगे कहा पहले देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते थे। कांग्रेस की एकाधिकार की नीति से प्रणाली खंडित हो गई। यह राष्ट्रहित का मुद्दा है। इसमें सबको साथ आने की आवश्यकता है यह भारतीय राजनीति का दूरदर्शी कदम होगा कई देशों में एक देश एक चुनाव की प्रणाली लागू हैं। बार बार चुनाव होने से शासन पर बोझ बढ़ता है। चुनाव में लगने वाले संसाधन सरकारी कर्मचारी व्यस्थाओं आचार संहिता के कारण विकास कार्य बाधित होते है, मतदान का प्रतिशत गड़बड़ाता है एक साथ चुनाव होने से संसाधनों की बचत होगी और देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत बनेगी। चुनावों की बार-बार की प्रक्रिया केवल धन और समय की बबार्दी नहीं होगी मतदान का प्रतिशत बढ़ेगा विकास का पहिया तेजी से चलेगा मोदी जी 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का स्वप्न साकार होगा।

उन्होंने महिलाओं और युवाओं से अपील करते हुए कहा यदि आपको लगता है एक देश एक चुनाव से भारत गौरवशाली राष्ट्र बन सकता है तो तो महामहिम राष्ट्रपति को पत्र लिखकर बताएं एक देश एक चुनाव का मैं पुरजोर समर्थन करता हूं।

एक देश एक चुनाव के लिए आम राय बनाने को लेकर लगातार जिले में गोष्ठी आयोजित हो रही हैं युवा, महिला, प्रबुद्ध इसमें सम्मिलित हो अपनी राय दे रहे हैं इसी क्रम में जिले में



संस्कार महाविद्यालय तौरा महिला सम्मेलन, बाबू रामपाल महाविद्यालय मौरावां में युवा सम्मेलन और सदर विधायक पंकज गुप्ता के कैंप कार्यालय में एनजीओ एवम सामाजिक संगठन सम्मेलन/गोष्ठी आयोजित की गई। इन सम्मेलनों में युवा महिलाओं और सामाजिक संगठनों के प्रमुखों ने भी अपने विचार और सुझाव प्रस्तुत किए।

विधायक अनिल सिंह ने अपनी विधानसभा अंतर्गत मौरावां और तौरा में आयोजित युवा और महिला सम्मेलनों में युवाओं और महिलाओं से अपील की और कहा हमारे देश से बहुत बाद में आजादी पाए देश आज हमसे बहुत आगे निकल गए हम सबसे युवा देश हैं फिर भी पीछे हैं क्योंकि हम जातिवाद में एक दूसरे से लड़े पूर्व की सरकारों ने हमे लड़ाया अब इससे ऊपर उठकर जातिवाद को छोड़कर हमे एक देश एक चुनाव के लिए सहमति बनानी है।

संस्कार डिग्री कॉलेज तौरा में आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता जिलामंत्री रजनीश वर्मा, कार्यक्रम संयोजिका स्मिता बाजपेई मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, आदि उपस्थित रहे।

विधायक पंकज कैंप कार्यालय पर आयोजित ₹एक राष्ट्र, एक चुनाव₹ विषयक विशेष कार्यक्रम के दौरान एन.जी.ओ., सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट किया और कहा आप सबके सुझाव बहुत महत्वपूर्ण हैं देश में मोदी जी के नेतृत्व में एक सशक्त सरकार है जो एक देश एक चुनाव की कठिनाइयों को दूर कर एक देश एक चुनाव करवा सकते हैं उन्होंने एक कठिन सी जान पड़ने वाली धारा 370 को चुटकियों में हटा दिया आज हम पीओके को भारत में मिलाने की बात करते हैं। एक एक देश एक चुनाव से देश में एकता की भावना बलवती होगी कैबिनेट से इस कानून को मंजूरी मिला गई है।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक नवीन सिंह नगर अध्यक्ष अवनीश गुप्ता प्रमुख पुत्तनलाल पाल (नवयुग जनचेतना, अध्यक्ष), रामनारायण पाल (अखिल भारतीय पाल महासंघ, अध्यक्ष), अखिलेश अवस्थी (व्यापार मण्डल, जिलाध्यक्ष), वी.के. रामपाल सिंह (नन्दनवन, व्यवस्थापक), रामतनेजा मामा (कपड़े वाले), मंजू शर्मा (जन समाज कल्याण समिति), सविता शुक्ला , अंकुर शुक्ला (असिस्टेन्ट गर्वनर, रोटरी मण्डल ), प्रदीप शुक्ल (रोटी बैंक, शुक्लागंज उन्नाव), आशीर्वाद तिवारी (भारतीय जनता पार्टी, शुक्लागंज उन्नाव), संजय तिवारी (भारतीय जनता पार्टी, उन्नाव), विजय राज सिंह (भारतीय जनता पार्टी, शुक्लागंज उन्नाव), रामजी मिश्रा शैलेन्द्र पाण्डेय (भारत उन्नयन समिति), अवध निगम (महामंत्री, शीतला माता मन्दिर), राजेश कुमार बाजपेई (भारतीय मजदूर संघ, जिलामंत्री), मोहनी शंकर पाण्डेय (आचमन संस्था, उन्नाव), डॉ. कृष्ण कुमार मिश्र (आचमन संस्था, उन्नाव), कैलाश नाथ द्विवेदी (आचमन संस्था, उन्नाव), जी.पी. वर्मा जी (कोषाध्यक्ष, आचमन संस्था), प्रमोद कुमार पाल (नवयुग जनचेतना, सदस्य), राजकुमार पाल (पाल सेवा समिति), आनंद पाल (अध्यक्ष, नवयुवक सेवा समिति), डॉ. रमेश चन्द्र पाल विनय त्रिपाठी, दिनेश कुमार चैरसिया रविशंकर मिश्रा (बाबा बलखण्डेश्वर महादेव विकास सेवा समिति, परियर उन्नाव), मोनू त्रिवेदी (अन्नपूर्ण चैरिटेबल सोसायटी, संस्थापक एवं अध्यक्ष), श्यामू चैरसिया (भारतीय चैरसिया महासभा, उन्नाव), दिलीप चैरसिया (भारतीय चैरसिया महासभा, उन्नाव), आर.के. मिश्रा (सूबेदार मेजर), ए.के. दीक्षित, उपस्थित रहे।

## टोल टैक्स को लेकर दबंगो ने की मारपीट, दर्ज हुआ मुकदमा

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। अकवबाद टोल प्लाजा पर टोल शुल्क को लेकर विवाद में टोल कर्मचारी के साथ मारपीट की। घटना टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। आरोपियों ने टोल टैक्स देने से इनकार कर दिया। जब कर्मचारी ने उन्हें नियमों की जानकारी दी, तो उन्होंने हाथापाई शुरू कर दी। आरोपी लगातार गाली-गलौच कर रहे थे। वे खुद को विधायक का करीबी बताकर कर्मचारी को धमका रहे थे। अन्य कर्मचारियों ने बीच-बचाव कर टोलकर्मी को छुड़ाया। हमलावरों ने जाते समय दोबारा टोल मांगने पर गंभीर परिणाम की धमकी दी। टोल प्लाजा के मैनेजर ने बीघापुर थाने में ज्ञान शुक्ला, सचिन शुक्ला, राज शुक्ला, बच्चा शुक्ला के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। घटना



की सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंप दी गई। आरोपियों की राजनीतिक पहुंच के कारण शुरू में एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इससे टोल कर्मचारियों में आक्रोश था। बीघापुर थानाध्यक्ष राजपाल ने बताया कि अब मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरोपियों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

## विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। विहिप के जिला संयोजक के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि बंगाल में हिंदू समाज पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं। धार्मिक स्थलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है और प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। विहिप कार्यकताओं के अनुसार, बंगाल में रामनवमी के दौरान जुलूसों पर पथराव हुआ। हिंदू समाज के लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। केंद्र सरकार से मामले में हस्तक्षेप की मांग की। विहिप



प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें पश्चिम बंगाल की घटनाओं की उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई। दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात रखने के लिए धन्यवाद दिया। तत्काल कार्रवाई करने की चेतावनी उन्होंने कहा कि ज्ञापन को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाएगा। विभिन्न हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता और समर्थक भी धरने में शामिल रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। विहिप ने चेतावनी दी है कि यदि हिंदू समाज पर अत्याचार जारी रहा तो देशभर में आंदोलन किया जाएगा। सरकार द्वारा तत्काल कार्रवाई न करने पर और आंदोलनों की भी चेतावनी दी गई है।

## अवैध असलहा के साथ युवक गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। गश्त के दौरान पुलिस ने एक युवक को अवैध असलहा सहित जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया कोतवाली बीघापुर थाना पुलिस क्षेत्र में शांति व्यवस्था रखने हेतु उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार क्षेत्र में भ्रमण के दौरान सैदपुर जाने वाले मार्ग के पास एक संधिक्त व्यक्ति को देखा व उस युवक को पुलिस ने अपनी हिरासत में ले कर तलाशी ली जिसके पास से एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम चंद्रशेखर सिंह उर्फ शेखर पुत्र श्री बृजेंद्र सिंह निवासी सैदपुर थाना बीघापुर आयु 28 वर्ष बताया पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध आयुष अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।




## अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

**अमन लेखनी समाचार**

सुमेरपुर, उन्नाव। बीघापुर तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में अपरजिलाधिकारी वि/रा व अपर पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याए सुनी। शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस दिन के 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक आयोजित हुआ। समाधान दिवस में कुल 51 शिकायते आयी जिनमे 05 शिकायतों का मौके पर ही निस्तनान्तरित कर दिया गया। राजस्व की 24 शिकायतों में 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। पुलिस सम्बंधित 05 शिकायत पत्र आये जबकि विकास संबंधित 14 समाज कल्याण से 01 व अन्य मामलों में 07 शिकायत पत्र प्राप्त हुए। अलग-अलग गांव के फरियादी अपनी समस्या लेकर तहसील पहुचे



थे। ग्राम सभा बाजितपुर के ग्राम प्रधान धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अवैध रूप से नाली व चकरोडो से कब्जा किये हुए लोगो से कब्जा मुक्त कराने की मांग की। कुकरी निवासिनी अनीता देवी ने पड़ोसियों द्वारा सरकारी हैंडपंप से पानी भरने से मना करने की शिकायत की। खरझारा निवासी बाबूलाल ने 20 हजार रुपये ले लेने के बाद भी प्रधान द्वारा आवास न दिए जाने की शिकायत की। पनहन निवासी नौशाद अली ने शिकायत कर बताया कि उसके पिता की मौत के कई महीनों बाद अमलदरामत कर खतौनी में नाम न दर्ज किए जाने की शिकायत की।

एडीएम राजस्व सुशील कुमार गोंड ने अधीनस्थों को शिकायत पत्रों की जांच कर समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने की आदेश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह, तहसीलदार मनीष द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला, खण्ड विकास अधिकारी विनोदमणि त्रिपाठी, कानूनगो अजय सिंह, अनवार अहमद के साथ क्षेत्रीय लेखपाल, विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व प्रशासन मौजूद रहे।

## जागरूकता के उद्देश्य से पोषण अभियान निकाली गयी रैली




**अमन लेखनी समाचार**

बांगरमऊ, उन्नाव। उच्चाधिकारियों के निदेशांनुसार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण पखवारा के तहत रैली निकाल लोगों को जागरूक किया गया। ब्लाक बांगरमऊ की तहसील से आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में पोषण पखवारा के तहत गंजमुरादाबाद व बांगरमऊ के आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा विशाल रैली निकली गयी इस रैली का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर बीडीओ बांगरमऊ व तहसीलदार सहित सीडीपीओ सुधा देवी व दोनों ब्लाकों की समस्त सुपरवाइजर व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुये रैली कस्बे का भ्रमण करते हुये अस्पताल गेट पर समाप्त हुई।

## सक्रिय अपराधियों का भौतिक सत्यापन कार्य शुरू

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चल रहे 'ऑपरेशन दस्तक' के तहत एक नई पहल की गई है। पुलिस ने जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सक्रिय अपराधियों का भौतिक सत्यापन शुरू किया है। शनिवार को थानों में चिन्हित अपराधियों को बुलाया गया। पुलिस ने उनकी वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली। कुछ अपराधियों के घरों पर जाकर भी सत्यापन किया गया। थानों में बुलाए गए अपराधियों को विशेष तख्तियां दी गईं। इन पर 'मैं भविष्य में कोई अपराध नहीं करूंगा' और 'अपराध से दूरी, जीवन में सुधार' जैसे संदेश लिखे थे। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में भय बनाए रखना और उनके आपराधिक रुझानों पर रोक लगाना है। यह पहल अपराधियों को समाज की मुख्यधारा में वापस लाने का प्रयास है। सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने क्षेत्र के सक्रिय और पुराने अपराधियों की सूची बनाएं। उनका समय-समय पर सत्यापन करें। अगर कोई दोबारा अपराध में लिप्त पाया जाता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



## एसडीएम व सीओ ने पोषण पखवाड़ा को सफल बनाने की शपथ दिलाकर रैली को किया रवाना

**अमन लेखनी समाचार**

सफीपुर, उन्नाव। उप जिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा पुलिस उपाधीक्षक मधुप नाथ मिश्र ने तहसील प्रांगड़ से पोषण पखवाड़ा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें परियोजनाधिकारी संध्या शर्मा सुपरवाइजर रचना अर्चना सहित करीब एक सैकड़ा से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया। इसके पूर्व एसडीएम ने पोषण पखवाड़ा सफल बनाने के लिए सभी को शपथ दिलाई। बताते चले कि पोषण पखवाड़ा 8 अप्रैल से शुरू है जो 22 अप्रैल तक मनाया जाएगा जिसमें नौनिहाल बच्चो गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को कुपोषण से बचाने के लिए जन जागरण करना जन जन तक संदेश देना प्रमुख उद्देश्य है।



इस मौके पर उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा ने समस्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को संपूर्ण ब्लॉक क्षेत्र के जन जन तक पोषण पखवाड़ा के समस्त संदेशों को पहुंचाने और सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि 1000 सुनहरे दिवस कुपोषित बच्चों का प्रबंधन एनीमिया पोषण संबंधी विशेष संदेशों साथ ही संचारी और दस्तक अभियान हेतु जन जागरूकता कर प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी बाल विकास एवं महिला विभाग के ऊपर है जिसे शासन की मंशा के अनुसार प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकत्री सहायिका घर घर जन जन तक इन विशेष संदेशों को पहुंचाने के साथ साथ जागरूक करने का काम करें जिससे कि कुपोषण से होने वाले नुकसानों से बच्चों एवं गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बचाया जा सके। इस अवसर पर बाल विकास परियोजनाधिकारी संध्या शर्मा ने कहा कि ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री शासन की मंशा के अनुसार इस संदेश को जन जन पहुंचाने का काम करेंगी और कुपोषण से नौनीलाल बच्चो और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को बचाने में आंगनवाड़ी कार्यकत्री अपनी महती भूमिका निभा रही है और आगे भी निभाती रहेंगी। इस मौके पर बीडीओ श्वेता त्रिपाठी प्रभारी तहसीलदार आशुतोष उपाध्याय खण्ड शिक्षाधिकारी सहित एक सैकड़ा से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने भाग लिया।

## ग्राम समाज की भूमि अवैध कब्जा क्षेत्रीय लेखपाल पर लगाया आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

बीघापुर, उन्नाव। ग्राम समाज की भूमि से संबंधित वाद न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद भू माफिया द्वारा अवैध तरीके से किया निर्माण अधिवक्ता ने आरोप लगाया कि लेखपाल पैसा लेकर भूमाफिया को कराया ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जा व निर्माण तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र के ग्राम बिहार परगना बिहार खतौनी भूमि नंबर 1028 बंजर खाते में कुछ भाग दर्ज है जिसका वाद न्यायालय तहसीलदार महोदय बीघापुर के यहां गांव सभा बनाम सर्वेश कुमार गोस्वामी के नाम से धारा 67 का बाद विचाराधीन उपरोक्त भूमि रायबरेली से लालगंज नेशनल हाईवे के किनारे की भूमि है भू माफिया दबंग व्यक्ति सर्वेश कुमार गोस्वामी के द्वारा कब्जा करने के दौरान गांव के लोगों की आपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर न्यायालय में वाद कई वर्ष से विचाराधीन चल रहा है अधिवक्ता अतुल कुमार सिंह ने तहसीलदार महोदय बीघापुर को प्रार्थना पत्र देकर कहा कि नायब साहब ने कार्य को तहसीलदार के आदेश पर रुकवा दिया था परंतु जैसे ही तहसीलदार महोदय का ट्रांसफर हुआ वैसे ही हल्का लेखपाल भू माफिया को अवैध तरीके से पैसा ले देकर कब्जा करवा कर छत डलवा दिया तहसील में एक नहीं दर्जनों मामले ऐसे हैं जिनमें अवैध तरीके से सुरक्षित भूमि / ग्राम समाज की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा किया जा रहे हैं अधिवक्ता ने तहसीलदार महोदय को प्रार्थना पत्र देकर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।

## वृद्ध का पड़ा मिला शव परिजनो ने लगाया हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

उन्नाव। असोहा थाना क्षेत्र के चंदनखेड़ा गांव स्थित नाला किनारे आम के पेड़ के नीचे शुक्रवार शाम वृद्ध का शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गई। सूचना पर पहुंचे बेटे ने गांव के ही व्यक्ति पर हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आज शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के मिश्रापुर गांव के रहने वाले वृद्ध चंद्रशेखर बीते गुरुवार सुबह घर से उन्नाव कोर्ट में चल रहे भूमि विवाद के मामले में पेशी पर जाने की बात कहकर निकले थे। रात घर न पहुंचने पर परिजन खोजबीन कर रहे थे। शुक्रवार शाम असोहा थाना क्षेत्र के चंदनखेड़ा गांव स्थित नाले के पास वृद्ध का शव पड़ा मिला। जानकारी होने पर पहुंचे बेटे ब्रजेश ने बताया कि पिता चंद्रशेखर ने देर शाम अपने चचेरे भाई रमेश को फोन कर घर न आने और मर जाने की बात कही थी। उसके बाद फोन बंद हो गया था। परिजन ने सोहरामऊ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने मोबाइल को सर्विलांस पर लगाने से चंद्रशेखर की लोकेशन असोहा के आसपास मिलने पर परिजन खोजबीन कर रहे थे। तब चंदनखेड़ा गांव स्थित नाले के पास वृद्ध चंद्रशेखर का शव पड़ा मिलने से परिजनों में कोहराम मचा रहा। बेटे ब्रजेश ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या कर शव को फेंके जाने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस टीम ने जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की गई है। मृतक चंद्रशेखर का परिवार के ही लोगों से बीस सालों से भूमि विवाद चल रहा था। मामला उन्नाव कोर्ट में विचाराधीन है। परिजनों के मुताबिक मुकदमा आखिरी स्टेज पर पहुंच गया था। बेटे बृजेश ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिता की हत्या कर शव फेंका गया है। अभी तक परिजनों ने पुलिस में कोई तहरीर नहीं दी है। वृद्ध के गुरुवार रात घर न पहुंचने पर परिजनों ने सोहरामऊ थाना पहुंच कर गुमशुदगी दर्ज कराई थी। वृद्ध चंद्रशेख का शव मिलने पर परिजन बेहाल हो उठे। मृतक चंद्रशेख अपने पीछे पत्नी तपेश्वरी व चार बेटों में ब्रजेश, लोकेश, अजय, बउवा तथा दो बेटियां चंद्रकिशोरी और रेशमा देवी को रोता बिलखता छोड़ गया है। सीओ पुरवा अजय कुमार ने कहा कि परिजनों से सोहरामऊ थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शव मिलने पर पुलिस व फॉरेंसिक टीम से घटनास्थल की जांच की गई है। मौके से कीपेड मोबाइल व कीटनाशक व शराब का पउवा पड़ा मिला था। वृद्ध ने फोन पर परिजन से कहा था कि उसने जहर निगल लिया है। परिजनों को आरोप स्वाभाविक हैं। फिलहाल घटना की सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सात अप्रैल को असोहा थाना क्षेत्र के दरसवां गांव स्थित नहर में हमलावरों ने चाकू से ग्यारह बार हमला कर अज्ञात युवती की हत्या कर शव फेंक दिया गया था। ग्यारह दिन बीतने के बाद भी एसपी से गठित पुलिस टीमें हत्याकांड के खुलासे की छोड़िए अभी तक युवती के शव की पहचान तक नहीं करवा सकी है। उधर, 72 घंटे बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया है। बताया जा रहा है कि अभी विधि विज्ञान प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट नहीं आ सकी है।

## सम्पादकीय

# पश्चिम बंगाल में हिंसा रोके ममता सरकार

वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का अधिकार संसद को है, संसदीय प्रक्रिया पूरी करने के बाद ही इसमें संशोधन किया गया है, फिर भी इस संशोधन से किसी को ऐतराज है तो वह अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है। किसी को भी कानून के विरोध में खुलेआम हिंसा करने का अधिकार नहीं है। हर चीज के लिए नियम कायदे हैं, पुलिस है, अदालत है, इसके बाद भी अगर कोई ठसक में कानून हाथ में लेने की कोशिश करेगा, हिंसा करेगा, तोड़फोड़ करेगा, तो यह सरासर अपराध है, राज्य शासन किसी को भी ऐसा करने की छूट नहीं दे सकता। विरोध जताने का तरीका हिंसक नहीं हो सकता है। वक्फ संशोधन अधिनियम के लागू होने के बाद से देश में मुस्लिम संगठनों व विपक्षी दलों द्वारा प्रायोजित विरोध-प्रदर्शन और इस दौरान बेकाबू हिंसा की घटनाएं लोकतांत्रिक व्यवस्था व न्याय के पाने के सिद्धांत को तार-तार कर रही हैं। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंसा शर्मनाक है, इसमें तीन लोगों की जान गई, कई घर जला दिए गए और सैकड़ों हिंदुओं को जान बचाने के लिए दूसरे जिले में पलायन करना पड़ा। इस पूरे घटनाक्रम में पश्चिम बंगाल की पुलिस हिंसा रोकने में विफल रही, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा का दायित्व निभाने में नाकाम रही, जो कि किसी भी राज्य सरकार का प्रथम संवैधानिक दायित्व है। ममता की टीएमसी के मंत्री, विधायक व नेताओं ने जिस तरह के बयान दिए, वो और भी चिंता पैदा करने वाली है, क्या जन प्रतिनिधि ऐसे हो सकते हैं, जो तटस्थ न हो, जो हिंसा पर शर्मिंदा न हों और जो उसे रोकने की कोशिश न करें। सुप्रीम कोर्ट को हिंसा पर चिंता प्रकट करनी पड़ी है, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की सरकार के लिए इससे शर्मनाक स्थिति क्या हो सकती है? उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के खिलाफ प्रदर्शनों के दौरान हो रही हिंसा ''बहुत व्यथित करने वाली'' है। दरअसल, प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने नव-संशोधित वक्फ कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह तल्ख टिप्पणी की। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, ''एक बात जो बहुत व्यथित करने वाली है, वह है यहां हो रही हिंसा। अगर मामला यहां लंबित है तो ऐसा नहीं होना चाहिए।'' इसी तरह केंद्र की ओर से उपस्थित सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''वे (प्रदर्शनकारी) सोचते हैं कि वे इससे व्यवस्था पर दबाव बना सकते हैं।'' सुप्रीम अदालत की बात के मर्म को समझें तो साफ है कि जब मामला अदालत में है, तो सड़क पर विरोध का क्या मतलब है? फिर ये हिंसा करने वाले कौन लोग हैं? हिंसा रोकने में ममता सरकार की नाकामी ही है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद जिले में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश देना पड़ा। ममता बनर्जी खुद सीएम का दायित्व निभाने की बजाय राजनीति में लिप्त नजर आ रही हैं, जब वो बयान दे रही हैं कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा पूर्व नियोजित थी, भाजपा और केंद्रीय एजेंसियों के एक वर्ग ने हिंसा भड़काई। ममता को अपने पद का भान होना चाहिए, वो क्या बोल रही हैं, वह आरोपों नहीं तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। खुद के शासन में हो रही हिंसा को लेकर सीएम ममता आरोपों का खेल कैसे खेल सकती हैं? सीएम ममता को नागरिकों की सुरक्षा बिना भेदभाव सुनिश्चित करनी चाहिए और पश्चिम बंगाल में शांति स्थापित करनी चाहिए। सीएम के नाते यह उनका संवैधानिक दायित्व है।



**स्वास्थ्य**
प्रोफेसर अश्वनी महाजन

# कम तेल खाना सेहत के लिए अच्छा

> आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वजन कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

भारत के बारे में एक आम धारणा यह है कि भारत भयंकर भूख से पीड़ित देश है। अगर हम वेल्टहंगर हिल्फ़ की रिपोर्ट पर यकीन करें तो आज भी भारत 127 देशों की सूची में भूख के मामले में 105वें स्थान पर है। लेकिन सच यह है कि आज भारत में बड़ी संख्या में लोग वज़न कम होने से कम, बल्कि मोटापे की समस्या से ज़्यादा पीड़ित हैं। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से खाद्य तेलों का इस्तेमाल कम से कम करने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने चेतावनी दी है कि साल 2050 तक भारत में 44 करोड़ लोग मोटापे की समस्या से पीड़ित होंगे, जो कई बीमारियों की जड़ है।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों का कहना है कि टाइप-2 डायबिटीज़, हृदय रोग, कैंसर और स्ट्रोक समेत कई बीमारियां मुख्य रूप से मोटापे की वजह से होती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2015-16 और 2020-21 के अनुसार, इन 5 वर्षों में मोटापे से पीड़ित महिलाओं की संख्या 20.6 प्रतिशत से बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई, जबकि पुरुषों में यह 18.9 प्रतिशत से बढ़कर 22.9 प्रतिशत हो गई। यानी हमारी लगभग एक-चौथाई आबादी मोटापे से पीड़ित है। मोटापे की समस्या आम तौर पर जीवनशैली से जुड़ी होती है। इसके कई कारण हैं, जिनमें शारीरिक श्रम की कमी, वसा (खाद्य तेल), चीनी और नमक का अधिक सेवन शामिल है। अगर हम खाद्य तेलों के उपयोग की बात करें तो हम देखते हैं कि खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति खपत, जो 1950 से 1960 के दशक में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष केवल 2.9 किलोग्राम थी, अब उद्योग रिपोर्ट के अनुसार बढ़कर 19.4 किलोग्राम प्रति व्यक्ति वार्षिक हो गई है। गौरतलब है कि जनसंख्या 1951 में 35.4 करोड़ से बढ़कर 2023 तक 143.8 करोड़ हो गई और इस अवधि के दौरान खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता 13.8 लाख टन से बढ़कर 114 लाख मीट्रिक टन हो गई। लेकिन इसी अवधि के दौरान, 1951 में खाद्य तेलों के नगण्य आयात की तुलना में, 2022-23 तक यह 164.7 लाख टन तक पहुंच गया।

घरेलू उत्पादन में आयात को जोड़कर, खाद्य तेलों की कुल उपलब्धता 2022-23 तक 278.7 लाख मीट्रिक टन तक पहुंच गई। यह ध्यान देने योग्य है कि यदि खाद्य तेलों की खपत आईसीएमआर द्वारा अनुशंसित सीमा के भीतर हो तो भले ही घरेलू उत्पादन मौजूदा स्तर पर बना रहे, भारत को खाद्य तेलों के आयात की आवश्यकता केवल 56.64 लाख मीट्रिक टन होगी। देश को खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा आयात पर बोझ कम करने के लिए भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2024 में खाद्य तेल मिशन शुरू किया गया, जिसके अनुसार 10103 रुपये का व्यय किया जाएगा तथा प्राथमिक तिलहनों का उत्पादन वर्ष 2022-23 में 390 लाख टन से बढ़ाकर अगले 7 वर्षों में 697 लाख टन करने का लक्ष्य रखा गया है। कहा जा सकता है कि इससे आयात पर निर्भरता कम होगी। यदि प्रधानमंत्री की अपील भी कारगर रही तो आयात और भी कम हो जाएगा। वर्तमान में भारत में उत्पादित खाद्य तेलों का 67.4 प्रतिशत विभिन्न प्राथमिक तिलहनों से, 5.1 प्रतिशत नारियल से, 2.2 प्रतिशत ताड़ से, 11.0 प्रतिशत कपास के बीजों से, 9.8 प्रतिशत चावल की भूसी से, 3.1 प्रतिशत तिलहनों के सॉल्वेंट निष्कर्षण से तथा 1.4 प्रतिशत वनों एवं वृक्षों



से प्राप्त होता है। देश में विभिन्न प्रकार के तिलहनों का उत्पादन पारंपरिक तरीके से किया जाता है। भारत के पारंपरिक खाद्य तेल काफी हद तक स्वास्थ्य के लिए अच्छे माने जाते हैं। लेकिन विदेशों पर हमारी निर्भरता के कारण देश में बड़ी मात्रा में ऐसे तेल आयात और उपयोग होने लगे, जिन्हें स्वास्थ्य के लिए हानिकारक माना जाता है। यह भी माना जाता है कि जीएम खाद्य तेलों का भी अवैध रूप से बड़ी मात्रा में आयात किया जा रहा है। आज जब भारत में खाद्य तेलों की कुल खपत का 57 फीसदी आयात से पूरा होता है, जिसमें से 59 फीसदी पाम ऑयल से आता है। इसके अलावा सूरजमुखी तेल, सोयाबीन तेल, पाम ऑयल का भी आयात किया जाता है। भारत के अपने उत्पादित तेलों में सरसों तेल की हिस्सेदारी 33 फीसदी, मूंगफली तेल की 25.4 फीसदी और सोयाबीन की 19 फीसदी है। सरसों तेल का भारतीय खानपान में काफी महत्व है और यह सबसे ज्यादा लोकप्रिय भी है। लेकिन खाद्य तेलों के अपर्याप्त उत्पादन और प्रति व्यक्ति खपत में लगातार वृद्धि तथा बढ़ती जनसंख्या के कारण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाम ऑयल जैसे तेल भी बड़ी मात्रा में भारत में प्रवेश कर चुके हैं। भारत में बड़ी मात्रा में आयात किया जाने वाला पाम ऑयल, जो अब हमारी खाद्य श्रृंखला का एक प्रमुख हिस्सा बन चुका है, वास्तव में स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। इसमें संतृप्त वसा की उच्च मात्रा के कारण हानिकारक एलडीएल कोलेस्ट्रॉल बढ़ने की संभावना है, जिससे हृदय रोग, मोटापा और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन सस्ता होने के कारण इसका आयात लगातार बढ़ रहा है।


यह भी माना जाता है कि भारत में सरसों के तेल में ब्लेंडिंग के नाम पर बड़ी मात्रा में पाम ऑयल मिलाकर बेचा जाता है। इसके अलावा जीएम तेलों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव की चिंता भी महत्वपूर्ण है। यह अनुभव किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी लोकप्रियता के कारण लोगों को जो भी सलाह या अपील करते हैं, उसका लोगों पर निश्चित रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। चाहे खुले में शौच से जुड़ी अपील हो, या स्वच्छता की बात हो, या कोविड के दौरान टीका लगवाने की सलाह हो, या गैस सब्सिडी छोड़ने की बात हो, ऐसे कई उदाहरण हैं जहां लोगों ने प्रधानमंत्री की बातों को बहुत गंभीरता से लिया और देश और समाज को इससे बहुत लाभ हुआ। इसी तरह प्रधानमंत्री द्वारा लोगों को अपने भोजन में खाद्य तेलों की खपत 10 प्रतिशत कम करने की दी गई सलाह वास्तव में देश के लोगों के स्वास्थ्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। वर्ष 2030 में 151 करोड़ की अपेक्षित आबादी के साथ, यदि देश में खाद्य तेलों की प्रति व्यक्ति वार्षिक खपत 10 प्रतिशत कम हो जाती है; तो इसका कुल प्रभाव यह होगा कि देश में खाद्य तेलों का आयात वर्तमान 164.7 लाख टन से घटकर मात्र 60.7 लाख टन रह जाएगा, यानी आयात में 63 प्रतिशत की कमी आएगी। देश से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा का बहिर्गमन भी आनुपातिक रूप से कम हो जाएगा। यदि हमारे खाद्य तेल की खपत कम हो जाती है, तो वर्ष 2030 तक देश में मोटापे से ग्रस्त लोगों की संख्या बढ़ने की चिंता का भी कुछ हद तक समाधान हो जाएगा। इससे बीमारियां कम होंगी, बीमारियों पर होने वाला खर्च बचेगा और साथ ही लोगों की कार्यक्षमता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इतना ही नहीं, देश के किसान, जो सस्ते पाम ऑयल के आयात के कारण फिलहाल तिलहनों का उचित मूल्य नहीं पा रहे हैं, उन्हें भी अपने तिलहनों पर बेहतर मूल्य मिलने लगेंगे, जिससे देश में तिलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। यह कहा जा सकता है कि प्रधानमंत्री की इस सलाह का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की तत्काल आवश्यकता है, ताकि लोगों के स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था की सेहत दोनों में सुधार हो सके।

**जयंती विशेष**
कृष्ण प्रताप सिंह




# अटल जी को 'गुरुदेव' कहते थे चन्द्रशेखर

वर्ष 1927 में 17 अप्रैल को यानी आज के ही दिन उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक बलिया जिले में स्थित इब्राहिमपट्टी गांव के एक सामान्य परिवार में जन्मे देश के आठवें प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर का कोई आधी शताब्दी का राजनीतिक जीवन कई चढ़ाव-उतारों से भरा रहा। वे कभी राजनीतिक अस्पृश्यता व असहिष्णुता के फेर में नहीं पड़े और 2007 में आठ जुलाई को इस संसार से अजातशत्रु के रूप में विदा हुए। उनकी अजातशत्रुता की एक मिसाल यह भी है कि अलग-अलग और परस्पर विरोधी खेमों में रहने के बावजूद वे अटल बिहारी वाजपेयी को हमेशा 'गुरुदेव' कहकर ही बुलाते रहे। वे 'गुरुदेव' से पहले प्रधानमंत्री बन गये तो भी उनका यह सम्बोधन नहीं बदला। जब भी संसद में अटल भाषण दे रहे होते और विरोधी नेता शोरगुल करते, वे शोरगुल शांत कराने की कोशिश जरूर करते थे। यह और बात है कि अटल के प्रधानमंत्रीकाल में वे उनकी कई नीतियों के मुखर आलोचक भी रहे। एक समय तो वे उनसे यह कहने से भी नहीं चूके थे कि 'गुरुदेव, अगर आप सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी देश का काम नहीं कर पा रहे तो आपको हट जाना चाहिए।' इस संयोग की कई हल्कों में आज भी रस लेकर चर्चा की जाती है कि इनमें शिष्य अपने गुरुदेव से पहले प्रधानमंत्री बन गया था, लेकिन सर्वश्रेष्ठ सांसद बनने में वह उनसे पिछड़ गया था। बहरहाल, हम जानते हैं कि अपने कई दशक समाजवादी आंदोलन को देने के बाद चन्द्रशेखर कांग्रेस में जाकर 'युवा तुर्क' तो कहलाये थे, लेकिन उन दिनों की उसकी शीर्षस्थ नेता इंदिरा गांधी से वैचारिक असहमतियों ने उसमें उनकी पारी लम्बी नहीं होने दी थी। 1975 में इंदिरा गांधी ने देश पर इमर्जेंसी थोपी तो विपक्षी नेताओं के साथ उनको भी जेल भेज दिया था। 1977 में वे इंदिरा के विरुद्ध हुए जनता पार्टी के प्रयोग में शामिल होकर उसके अध्यक्ष पद तक पहुंचे। कोई दशक भर बाद जनता दल नामक प्रयोग में 10 नवम्बर, 1990 को बेहद विपरीत परिस्थितियों में वे तब देश के आठवें प्रधानमंत्री बने, जब अयोध्या मामले को लेकर रथयात्रा निकाल रहे वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को बिहार में गिरफ्तार कर लिया गया और उससे खफा भाजपा ने विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार से समर्थन वापस लेकर उसे गिरा दिया। यह सरकार गिर जाने के उपरांत सत्तारूढ़ जनता दल में फूट पड़ गई थी और उसके सांसदों के एक गुट ने चन्द्रशेखर के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए उसने उस कांग्रेस का 'बाहरी समर्थन' लेने से भी परहेज नहीं किया था, जिसके खिलाफ उसने साल भर पहले चुनाव लड़ा था। इसलिए चन्द्रशेखर के शपथग्रहण के दिन से ही देश को पता था कि उनकी सरकार की उम्र बहुत लम्बी नहीं होने वाली और चन्द्रशेखर आठ महीने से कुछ कम ही प्रधानमंत्री की कुर्सी पर रह पाये थे। इन आठ महीनों का इस अर्थ में बड़ा महत्व है कि बतौर प्रधानमंत्री उन्होंने जो भी फैसले लिये, किसी दबाव में आये बिना बहुत दृढ़ होकर लिये। उनसे उन्हें वापस लेने की मांग की जाने लगी तो भी बेलाग-लपेट यही कहा कि 'मैं राजीव गांधी नहीं हूं जो एक दिन में तीन बार फैसला बदलूं।' उन्हें सत्ता मिली तो देश की अर्थव्यवस्था की हालत बेहद खस्ता थी। देश की साख बचाने के लिए 21 से 31 मई के बीच देश का बीस हजार टन सोना स्विट्जरलैंड के यूबीएस बैंक में गिरवी रखना पड़ा था। चन्द्रशेखर ने इस विकट स्थिति का बहुत दृढ़ होकर सामना किया। अपनी आत्मकथा 'जीवन जैसा जिया' में प्रधानमंत्री बनने से पहले के अपने जीवन का जिक्र करते हुए चन्द्रशेखर ने लिखा है कि प्रधानमंत्री तो क्या, संसद सदस्य बनना भी उनके सपने में नहीं था। उन्हें लगता था कि सांसद जब भी आपस में मिलते होंगे, देश और समाज की गंभीर समस्याओं को हल करने पर ही विचार-विमर्श करते होंगे। लेकिन बाद में यह देखकर उन्हें बहुत निराशा हुई कि ऐसा नहीं था



# वैयक्तिक अहंकार से प्रगति रुक जाती है



संकलित
**दर्शन**

निरन्तर विकसित होते रहना यह जीवन धर्म है। प्रगति जीवन के अस्तित्व की सूचक है। जहां जीवन है वहां प्रगति है, विकास है। जड़ता में जीवन कहां ? मानव ही नहीं पशु पक्षियों में भी विकास की प्रक्रिया गतिमान रहती है। मानव की विकास प्रक्रिया में एक विशेषता है कि वह अपने विकास को सम्यक दिशा दे सकता है। अक्सर प्रत्येक व्यक्ति अपना श्रेष्ठ विकास ही चाहता है किन्तु फिर भी वह उसे पाने में असफल रहता है तो उसका सबसे बड़ा कारण होता है अहंकार। अहंकार व्यक्ति को सही दिशा में बढ़ने नहीं देता। मानव उस दिशा में दो कदम बढ़ा भी देता है तो उसका अहंकार आकर खड़ा हो जाता है। और वो आगे बढ़े हुए कदम वापस पीछे ले जाता है । अर्हम् को प्राप्त करने के लिये अहं का त्याग करना होगा। अर्हम परमात्मा का वाचक शब्द है। हम इसके उपासक हैं किन्तु अहम का त्याग किये बिना अर्हम् की आराधना कैसे होगी ? आज अधिकांश व्यक्ति बहुत अधिक महत्वाकांक्षी हो गये हैं उन्हें अपनी पूछ और इज्जत चाहिये किन्तु वे औरों को इज्जत नहीं देना चाहते। यह अहंकार ही हमारी सारी विकास योजनाओं को असफल किये जा रहा है। हम ऊंचा लक्ष्य रख कर आगे बढ़ें, यह बुरा नहीं किन्तु अहंकार को छोड़े बिना उस लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती।

# प्रार्थना के बाद भी भगवान नहीं सुन रहे?



संकलित
**प्रेरणा**

एक सेठ के घर के बाहर एक साधू महाराज खड़े होकर प्रार्थना कर रहे थे और बदले में खाने को रोटी मांग रहे थे। सेठानी काफी देर से उसको कह रही थी कि आ रही हूँ। रोटी हाथ में थी पर फिर भी कह रही थी कि रुको आ रही हूँ। साधू ईश्वर से प्रार्थना कर रहे थे और रोटी मांग रहे थे । सेठ ये सब देख रहा था पर समझ नहीं पा रहा था, आखिर सेठानी से बोला- रोटी हाथ में लेकर खड़ी हो, वो बाहर मांग रहे हैं, उन्हें कह रही हो आ रही हूँ तो उन्हें रोटी क्यों नहीं दे रही हो? सेठानी बोली- हाँ रोटी दूँगी, पर क्या है ना कि मुझे उनकी प्रार्थना बहुत अच्छी लग रही है, अगर उनको रोटी दे दूँगी तो वो आगे चले जायेंगे। मुझे उसकी प्रार्थना और सुननी है। यदि प्रार्थना के बाद भी भगवान आपकी नहीं सुन रहे हैं तो समझना कि उस सेठानी की तरह प्रभु को आपकी प्रार्थना प्यारी लग रही है, इसलिए इंतजार करो और प्रार्थना करते रहो। जीवन में कैसा भी दुःख और कष्ट आए पर प्रार्थना मत छोड़िए। क्या कष्ट आता है तो आप भोजन करना छोड़ देते हैं? क्या बीमारी आती है तो आप सांस लेना छोड़ देते हैं? नहीं ना? फिर जरा सी तकलीफ आने पर आप प्रार्थना करना क्यों छोड़ देते हो? कभी भी दो चीजें मत छोड़ियेे। भोजन छोड़ दोगे तो जिंदा नहीं रहोगे और प्रार्थना छोड़ दोगे तो कहीं के नहीं रहोगे। सही मायने में जिंदगी में प्रार्थना और भोजन दोनों ही आवश्यक हैं।

## कलश स्थापना



*श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा उपलब्ध कराई गई इस छवि में 16 अप्रैल, 2025 को अयोध्या में रामजन्मभूमि परिसर में दुर्गा जी के मंदिर के शीर्ष पर कलश स्थापित किया गया।*

## आज की पाती

### आठवें वेतन आयोग के गठन में विलंब क्यों?

जनवरी 2025 में जब केंद्र सरकार ने आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की, तो देश भर के लाखों सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के चेहरों पर खुशी की लहर दौड़ गई। यह घोषणा उनके लिए किसी उत्सव से कम नहीं थी, क्योंकि वेतन आयोग का गठन न केवल उनकी आय को बढ़ाने का वादा करता है, बल्कि उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने और महंगाई के दबाव को कम करने का भी एक अवसर प्रदान करता है। लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, यह उत्साह धीरे-धीरे निराशा और बेचैनी में बदलने लगा। अप्रैल माह भी आधा बीत गया, मगर अभी तक न तो वेतन आयोग के सदस्यों की नियुक्ति की गई है, न ही इसका कोई अध्यक्ष घोषित किया गया है।

*- सुनील सक्सेना, भिलाई*

## करंट अफेयर

### मालदीव ने गाजा युद्ध के कारण लगाया प्रतिबंध


मालदीव ने गाजा में युद्ध के कारण इजराइली पासपोर्ट धारकों को देश में प्रवेश से रोकने के लिए अपने आव्रजन कानून में बदलाव किया है। राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के अनुसार, संशोधन को सोमवार को संसद द्वारा पारित किया गया और मंगलवार को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इसे मंजूरी दी। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि यह कानून दोहरी नागरिकता वाले उन लोगों पर लागू होगा या नहीं जिनके पास इजराइल और किसी अन्य देश का पासपोर्ट है। मंत्रिमंडल ने आव्रजन कानून में बदलाव का निर्णय लगभग एक वर्ष पहले लिया था, लेकिन सरकार ने इस सप्ताह इसे औपचारिक रूप दिया।



## ऑफ बीट

### रात में पसीना आने के कई कारण हो सकते हैं

पसीना आना शरीर की शीतलन प्रणाली का एक सामान्य हिस्सा है, जो गर्मी छोड़ने और शरीर के इष्टतम तापमान को बनाए रखने में मदद करता है।



लेकिन नियमित रूप से रात में जागना, अत्यधिक पसीने से भीगना सही नहीं है। मस्तिष्क में स्थित हाइपोथैलेमस, अंत:स्रावी तंत्र का हिस्सा है और शरीर के लिए तापमान नियंत्रण केंद्र है। इसमें तापमान सेंसर होते हैं जो केंद्रीय रूप से (अंगों में) और परिधीय रूप से त्वचा में स्थित तंत्रिका कोशिकाओं (थर्मोरिसेप्टर्स) से जानकारी प्राप्त करते हैं। थर्मोरिसेप्टर्स शरीर के तापमान में बदलाव का पता लगाते हैं, हाइपोथैलेमस को वापस संकेत भेजते हैं।

## ट्रेंड

### दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान

राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ सार्थक बातचीत हुई। फिनलैंड यूरोपीय संघ का एक महत्वपूर्ण साझेदार देश है। हम अपने संबंधों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर अपने दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान किया।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### संविधान से चलेगा देश

कुछ लोग कह रहे हैं कि उनके लिए 'संविधान' से बढ़कर 'शरीयत' है, मैं 'उनसे' कहना चाहता हूं- भारत तो बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान से चलेगा, जहां शरीयत का कानून लागू होता है, उनको वहां जाना चाहिए...

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र



### मुनियों पर हमला निंदनीय

मप्र के नीमच में मंदिर में विश्राम कर रहे जैन मुनियों पर हिंसक हमला घोर निंदनीय है। इस मामले की गहरी जाँच हो न कि दिखावटी कार्रवाई और इस दुर्भावनापूर्ण कुकृत्य के पीछे की असली मंशा जगज़ाहिर हो कि सम्मानीय मुनियों के ऊपर ये घातक हमला क्यों हुआ।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद



### महिला श्रम बल

हमारी महिला श्रम बल भागीदारी दर में सुधार न केवल लैंगिक समानता के दृष्टिकोण से, बल्कि आर्थिक विकास और सतत विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है।

-किरण मजूमदार, उद्यमी



## संक्षेप

### तीन महिलाओं के यौन शोषण का केस ट्रांसफर

अमन लेखनी समाचार

बांदा, तीन महिलाओं के यौन शोषण मामले में नया मोड़ आया है। स्पेशल सेशन कोर्ट ने लोकेंद्र सिंह और स्वतंत्र साहू की जमानत याचिका को एससी-एसटी कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया है। कोर्ट ने मुकदमा विवेचक को पीड़िता को सम्मन तामील करने और जमानत याचिका पर अपनी राय देने का आदेश दिया है। मामला 22 मार्च को दर्ज किया गया था। पुलिस ने एक सप्ताह के भीतर दलाल नवीन विश्वकर्मा और आरोपी लोकेंद्र प्रताप सिंह को गिरफ्तार किया। अन्य दो आरोपी स्वतंत्र साहू और आशीष अग्रवाल ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सभी आरोपी बांदा के प्रमुख व्यवसायी हैं। तीन युवतियां नौकरी की तलाश में इनके पास गई थीं। आरोपियों ने नौकरी देने का झांसा देकर तीन महीने तक उनका यौन शोषण किया। परेशान होकर पीड़िताओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। कोर्ट ने पीड़ित पक्ष को 23 अप्रैल तक हर हाल में सम्मन तामील करने के विशेष निर्देश दिए हैं।

### नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की चार्जशीट का विरोध

अमन लेखनी समाचार

बांदा, नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ ईडी की चार्जशीट के विरोध में उत्तर प्रदेश के बांदा में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अशोक लाट से कलेक्ट्रेट तक मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनके हाथों में विरोध प्रदर्शन के बैनर थे। कांग्रेस का आरोप है कि मोदी सरकार विपक्ष से डरी हुई है। इसलिए वह ईडी का इस्तेमाल कर रही है। बोले- जेल जाने को भी तैयार जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी किसी भी एजेंसी की दमनकारी कार्रवाई से नहीं डरेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने दमन की यह नीति जारी रखी, तो पूरे देश में विरोध प्रदर्शन होंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए कांग्रेस कार्यकर्ता जेल जाने को भी तैयार हैं।

### परिवहन और खनिज विभाग ने 12 ट्रक को किया सीज

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में ओवरलोडिंग के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिलाधिकारी जे. रीभा के निर्देश पर संभागीय परिवहन विभाग और जिला खनन विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान में टीम ने ओवरलोड 12 ट्रकों को सीज किया। साथ ही 14 वाहनों का चालान भी काटा गया। जांच में सामने आया कि अधिकतर ट्रक अनफिट थे। इनमें बॉडी अवैध रूप से बढ़ाई गई थी। कई वाहनों का बीमा और टैक्स भी जमा नहीं था। एआरटीओ शंकरजी सिंह ने स्पष्ट किया कि जिले में ओवरलोडिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उर्रा में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दिया गया प्रशिक्षण, बांटी गई सिलाई मशीनें

## महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाया जा रहा अभियान

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल




मोतीपुर, बहराइच। जनपद के अति पिछड़े क्षेत्र में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण देकर स्वावलंबी बनाने का प्रयास युवा मार्गदर्शन संस्थान द्वारा किया जा रहा है। विकासखंड मिहींपुरवा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा बाजार में युवा मार्गदर्शन संस्थान एवं सीएसआर पहल के तहत एसएमएस वाटरग्रेस एनवायरोप्रोटेक्ट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा युवा मार्गदर्शन केंद्र पर एक माह से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही युवतियों एवं महिलाओं को अपनी आजीविका बढ़ाने के लिए एसएमएस वाटरग्रेस कंपनी ने संस्था के विशेष मार्गदर्शन में एक माह का प्रशिक्षण दिलाने के पश्चात उन सभी लाभार्थियों को एक-एक सिलाई मशीन प्रदान की गई। जिससे वे सभी महिलाएं अपने घर पर रहकर सिलाई का काम करके अपनी आजीविका को मजबूत कर सकें। संस्था लगातार ऐसे प्रयास कर रही है जिससे क्षेत्र में असहाय, गरीब एवं विधवा महिलाओं को रोजगार का हुनर सीखा कर उनकी आजीविका को मजबूत कर सकें। संस्थान की अध्यक्ष श्रीमती विन्ध्येश्वरी देवी ने बताया की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संस्थान लगातार प्रयास कर रहा है जिसके तहत उन्हें प्रशिक्षित कर निःशुल्क रूप से संसाधन मुहैया कराकर स्वरोजगार से जोड़ा जा सकें। उन्होंने बताया कि कि संस्थान अपने सेंटर के माध्यम से जल्द ही ब्यूटी पार्लर और मेहंदी के कोर्स भी शुरू करने वाली है जिसके माध्यम से उर्रा क्षेत्र में रहने वाली जो युवतियां हैं या महिलाएं हैं जो दूर दराज ना जाकर अपने क्षेत्र में रहकर अपनी आजीविका को बढ़ाना चाहती हैं। संस्थान जल्द ही इन सभी युवतियों एवं महिलाओं की बैच शुरू करने वाली है और इसकी आवेदन जल्दी स्वीकार किए जाएंगे। यह सुविधा अभी उर्रा ग्राम पंचायत के आसपास से जुड़े लोगों के लिए खोली गई है। इस कार्यक्रम के मौके पर ऑनलाइन माध्यम से एसएमएस वाटरग्रेस एनवायरोप्रोटेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि एवं युवा मार्गदर्शन संस्थान से कई प्रतिनिधियों ने जुड़कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डीएम व एस पी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, कब्जेदारी के छाए रहे मामले

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। संपूर्ण समाधान दिवस में कब्जेदारी, के मामले छाए रहे, फरियादिओ की संख्या अधिक होने से पर्ची काउंटर पर अफरा तफरी का माहौल बना रहा, 252 फरियादियो ने प्राथर्ना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई जिनमे राजस्व 121, विकास 31, खाद एवं रसद विभाग 23, पुलिस 27 व अन्य 48 फरियादियों ने शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई मौकेपर 15 राजस्व की समस्याओ का निस्तारण किया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने फरियादियों की समस्या सुनी जिसमें कमलेश नवई गांव निवासी ने प्रार्थना पत्र देखकर बताया की 2021 में राजकुमार से जमीन खरीदी थी जिसका दाखिल खारिज भी हो गया लेकिन राजकुमार ने अभी तक कब्जा नहीं दिया कब्जा छुड़ाने के लिए दो बार से प्रार्थना पत्र दे रहा हूं लेकिन लेखपाल जांच करने नहीं जाते, रमेश चंद्र पुत्र मोहनलाल निवासी मखदुमपुर माखी ने आरोप लगाया की कई खेत नापने के लिए तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया मगर कोई लेखपाल नाप करने नहीं आते है, अमित तिवारी नारायणपुर गांव निवासी ने प्रार्थना पत्र लेकर बताया कि ग्राम समाज की जमीन पर लालाराम ने सड़क किनारे बेशकीमती पांच बिसुवा जमीन पर कब्जा कर रखा है, कब्जा छुड़वाने के लिए 10 बार प्रार्थना पत्र दिया लेकिन मौके पर लेखपाल कब्जा छुड़वाने के लिए नहीं जाते हैं जिस पर डीएम ने तहसीलदार से जांच रिपोर्ट मांगी, मेवालाल धोपा गांव निवासी ने प्रार्थना पत्र देखा बताया कि गांव के ही जमुरिया गांव निवासी पुश्तैनी जमीन पर रामस्वरूप ने जबरन बौद्ध की प्रतिमा रखने लगे जिसका विरोध किया तो सभी गाली गलौज कर मारपीट पर आमादा हो गए, देशराज जखैला गांव निवासी ने बताया कि पैतृक जमीन पर गांव के ही तरुण व अरुण ने जबरन कब्जा कर रखा है, बिरसिंहपुर गांव निवासी सियाराम ने बताया कि दो बार से प्रार्थना पत्र दे रहे हैं जमीन पर गांव के ही सुनील कुमार ने अवैध तरीके से कब्जा कर रखा है, शिकायत के बाद भी लेखपाल कब्जा मुक्त कराने नहीं जाते हैं, रानीखेड़ा खालसा ग्राम प्रधान पिंकी रावत ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव को आने वाली सड़क 10 वर्षों से खराब है, जिसको बनवानेकी मांग की जिसपर डीएम ने पीडब्ल्यूडी विभाग को जांच कर रिपोर्ट मांगी। इस मौके पर एसडीएम प्रज्ञा पाण्डेय, आदि लोग मौजूद रहे।

# जल भराव की समस्या से ग्रामीण परेशान



### कैसरगंज के ग्राम हिन्दूपुरवा के लोग जल भराव की समस्या से पीड़ित

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली कादरी

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम हिन्दू पुरवा निवासी तमाम ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में जल भराव की समस्या हमेशा बनी रहती है। जिससे आने-जाने में लोगों को काफी दिक्कत होती है। परेशानी का सबक झेलना पड़ता है। आए दिन तो छोड़ दीजिए रोज-रोज दुर्घटनाएं होती रहती है। गांव मे पानी निकास न होने की वजह से लोगों के घरों का पानी सड़क पर ही जमा रहता है, जिससे सड़क पर जल भराव की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही है। हिंदू पुरवा गांव से गुड़िया नंबर 4 तक जाने का संपर्क मार्ग है जिससे कई हजारों की आबादी का आवागमन रोज होता है। हिंदू पुरवा ग्रामीणों का आरोप है कि अगर इस समस्या से निजात नहीं मिली तो हम लोग रास्ता बंद कर कर देंगे। जब तक इस समस्या का हमेशा के लिए निजात नहीं हो जाता है।

# जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## प्राप्त 163 के सापेक्ष मौके पर निस्तारित किये गये 25 प्रार्थना-पत्र

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा




बहराइच। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, उप जिलाधिकारी महसी अखिलेश कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी धीरेन्द्र प्रताप श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों के साथ सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। सीडीओ व एसपी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय।

इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, पीडी डीआरडीए अरूण कुमार सिंह, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय, सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. जितेन्द्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी सूबेदार यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, ए.आर. को-आपरेटिव कुमार तिवारी, दिव्यांगजन सशक्त्किरण अधिकारी बी.पी. सत्यार्थी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, तहसीलदार, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**उल्लेखनीय है कि तहसील महसी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त हुए 29 प्रार्थना-पत्र के सापेक्ष 03, पयागपुर में प्राप्त 25 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 04, तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 17 के सापेक्ष 03, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में प्राप्त 10 के सापेक्ष 02, कैसरगंज में प्राप्त 42 के सापेक्ष 05 व नानपारा में प्राप्त 40 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 08 का मौके पर निस्तारण किया गया।**

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता

अमेठी जिला, टांडा-बांदा राजमार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। प्रधान ढाबा के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। गौरीगंज पुलिस ने घायल युवक को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान राजेंद्र प्रसाद के रूप में हुई है। वह फुरसतगंज थाना क्षेत्र के पुरे ब्रह्मा का रहने वाला था। राजेंद्र प्रसाद महादेव का पुत्र था। हादसे में शामिल वाहनों में ट्रक की संख्या यूपी 36अळ 3040 और मोटरसाइकिल की संख्या यूपी 33 एएम 8895 है। पुलिस ने ट्रक चालक को गाड़ी समेत हिरासत में ले लिया है। मृतक के परिजनों को शव की शिनाख्त के लिए सूचना दे दी गई है। पुलिस शव का पंचनामा भरकर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# हाजियों के टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कैंप का चेयरमैन ने किया उद्घाटन

## हज 2025 के लिए मदरसा नूरिया ऐनी कैसरगंज में हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार/सिराज अली कादरी



कैसरगंज, बहराइच। हज 2025 पर जाने वाले हुज्जाजे किराम के लिए शनिवार को मदरसा नूरिया ऐनी, कैसरगंज में टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कैंप आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन चेयरमैन यूसुफ अली सोनू ने फीता काटकर किया। कैंप में हाजियों को आवश्यक टीकाकरण के साथ-साथ हज से जुड़ी अहम जानकारियाँ, स्वास्थ्य संबंधी सुझाव, और यात्रा के दौरान अपनाए जाने वाले नियमों का प्रशिक्षण दिया गया। कैसरगंज क्षेत्र के सभी हाजियों को सुबह 9:00 बजे से बुलाकर एक व्यवस्थित प्रक्रिया के तहत वैक्सीनेशन किया गया। कैंप में स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिसने सभी का चेकअप कर जरूरी वैक्सीनेशन लगाया गया। इस मौके पर मदरसा के प्रबंधक शमसुद्दीन बरकाती और कार्यक्रम आयोजक हाजी शब्बीर अली कादरी ने हाजियों को संबोधित करते हुए हज यात्रा के महत्व और सावधानियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इस तरह के कैंप हाजियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में अब्दुल नबी सैफी, इरशाद अली, मोहम्मद हाजी राशिद अमीन, एडीटर हाजी शेर अली, हाजी नब्बन, मौलाना अब्दुल सुभआन और बड़ी संख्या में हाजियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही।

# वैगन आर व टेंपो में हुई भिड़ंत में पांच घायल




अमन लेखनी समाचार

फखरपुर/कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज कोतवाली अंतर्गत टोल प्लाजा के निकट एक वैगन आर कार व टेंपो में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें टेंपो में सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों को सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए मेडिकल कॉलेज बहराइच के लिए रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को की शाम बहराइच की ओर से आ रही एक वेगन आर कार सामने से आ रहे एक टेंपो से आमने-सामने टकरा गए। जिसमें टेंपो में सवार शमशेर व उसकी पत्नी आमीन निवासी सिराजपुर थाना फखरपुर व गयादत्त निवासी बौण्डी उसकी पुत्री नीरू तथा नीरू की 4 माह की पुत्री नैंसी व रूकनापुर चकसौगहना निवासी जुबेर भी घायल हो गए। यातायात की स्थिति सामान्य है।

# सड़क हादसे में हिरण की हुई दर्दनाक मौत

## गर्भ में पल रहा बच्चा भी पेट फटने से निकला बाहर



अमन लेखनी समाचार

फखरपुर, बहराइच। थाना फखरपुर क्षेत्र के लालपुर जलालपुर में नेशनल हाईवे पर एक गर्भवती हिरण की मौत हो गई। सड़क पार करते समय एक अज्ञात वाहन ने हिरण को टक्कर मार दी। इस हादसे में हिरण की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। वन विभाग के डिप्टी वन क्षेत्र अधिकारी राम विनोद के अनुसार सूचना मिलते ही टीम को घटनास्थल के लिए रवाना कर दिया गया। वन विभाग की टीम मामले की जांच कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है। मौके पर 2 घंटे बीत जाने पर खबर लिखे जाने तक न तो वन दरोगा और न ही कोई डाक्टरों की टीम पहुंची थी।

# अवैध तरीके से संचालित वाहनों के विरुद्ध चला अभियान

## 21 वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्यवाही, 513 वाहनों का ई-चालान

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देशन में जिला पुलिस एवं यातायात पुलिस के द्वारा अवैध तरीके से संचालित होने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाया गया। इस अभियान में शुक्रवार को 21 वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गयी (जिसमें आटो, वैन, मैक्स तथा कामर्शियल वाहन जो अवैध तरीके से सवारी ढोने का काम करते हैं) तथा 513 वाहनों का यातायात नियमों के उल्लंघन में ई-चालान की कार्यवाही की गयी। बीते 08 अप्रैल से अब तक कुल 258 वाहनों को सीज किया गया तथा 4367 वाहनों का यातायात नियमों के उल्लंघन में ई-चालान की कार्यवाही की गयी। ई-रिक्शा सत्यापन अभियान के अन्तर्गत शनिवार को जनपद में कुल-193 ई-रिक्शा वाहनों का सत्यापन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात ने बताया की यह कार्यवाही सतत जारी रहेगी।

# मवेशी चोर सक्रिय, पशुपालको की नींद उड़ी

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में इन दिनों मवेशी चोरो का आतंक चरम पर है। मौका देख चोर रात में घटना कों अंजाम देकर भागने में सफल हो रहें है। क्षेत्र में बढ़ रही चोरियो का पदार्फाश नहीं होने से चोरो का मनोबल बढ़ा हुआ है। चोरो का नेटवर्क इतना मजबूत है कि घनी आबादी के बीच से मवेशियों की चोरी कर निकल भागने में सफल हो रहें है। ताजा मामला रूपईडीहा थाना क्षेत्र बनकुरी (सुजौली) का प्रकाश में आया है। पीड़ित कलाम खान पुत्र हासिलदार के घर से बिगत 18-19 की रात एक भैंस चोरी हो गई। चोरो की सक्रियता ने किसान व पशुपालकों की नींद उड़ा दी है। वही पुलिस प्रशासन के लिए भी चोरी का खुलासा करना चुनौती बनी हुई है।

# गेहूं कटाई के दौरान हादसा

## कंबाइन मशीन पलटने से चालक समेत 3 लोग घायल, सभी खतरे से बाहर



अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित पूरे प्रेम शाह गांव में गेहूं की कटाई के दौरान कंबाइन मशीन अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। इनमें कंबाइन मशीन का चालक प्रेमराज (30 वर्ष), अंबुज यादव (18 वर्ष) और शिवम यादव शामिल हैं। प्रेमराज शाहजहांपुर का रहने वाला है। अंबुज यादव निजामुद्दीनपुर और शिवम यादव पूरे टिकरा बैजनाथ के निवासी हैं। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान तुरंत मदद के लिए आगे आए। उन्होंने घायलों को निजी वाहन से मुसाफिरखाना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। वर्तमान में सभी घायलों का इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार तीनों की स्थिति स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

# नए बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारियों में हाथापाई

## सवारी को लेकर दो अनुबंधित बसों के स्टाफ में मारपीट

अमन लेखनी समाचार



मथुरा, नए बस स्टैंड पर सवारियों को बिठाने के विवाद में रोडवेज की दो अनुबंधित बसों के कर्मचारियों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में दो लोग घायल हो गए। घटना में दोनों बसों के चालक और परिचालक आमने-सामने आ गए। एक युवक ने रोडवेज कर्मचारी पर लगातार लात-घूंसे बरसाए। मारपीट का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मारपीट घटना को देख बस स्टैंड पर मौजूद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मैं लोगों ने बीच बचाव किया लेकिन दोनों ही पक्ष एक दूसरे पर मारपीट करने के लिए उतारू थे। बताया गया कि इस मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। इसके बाद यह मामला स्थानीय थाने तक पहुंच गया। शहर कोतवाली की चौकी प्रभारी मांगेराम ने बताया कि नए बस स्टैंड पर रोडवेज की दो अनुबंधित बसों के स्टाफ कर्मचारी अजीत, सीताराम, राम, और राकेश में आपस में मारपीट हुई है इस मामले में दोनों ही पक्ष चौकी पर पहुंचे थे लेकिन अभी किसी भी पक्ष के द्वारा कोई प्रार्थना पत्र नहीं दिया गया है प्रार्थना पत्र मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी फिलहाल वीडियो वायरल होने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संक्षेप

### दुल्हन ने फेरों के दौरान रोकी शादी

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, मेरठ के गंगानगर के एक युवक की शादी मोदीनगर के कादराबाद गांव की युवती से तय हुई थी। बुधवार रात को बारात दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित फार्म हाउस पर पहुंची। शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद जब दूल्हा-दुल्हन फेरों पर बैठे, तभी दूल्हे पक्ष ने दुल्हन को जेवरात दिए। दुल्हन को जब पता चला कि जेवरात आर्टिफिशियल हैं, तो उसने तुरंत शादी से इनकार कर दिया। काफी देर तक दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश होती रही। लेकिन दुल्हन अपने फैसले पर अडिग रही। इसके बाद दुल्हन पक्ष ने बारातियों को बंधक बना लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दूल्हे और उसके पिता को हिरासत में लेकर थाने ले गई। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय के अनुसार अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। उन्होंने कहा कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फिलहाल दोनों पक्षों के लोग थाने में बैठकर समझौते की बात कर रहे हैं।

### पति के सुसाइड नोट में पत्नी समेत 6 जिम्मेदार

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, कोतवाली देहात क्षेत्र में एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। मृतक ने सुसाइड नोट में पत्नी और ससुराल पक्ष के 6 लोगों को अपनी मौत का जिम्मेदार बताया है। जैनपुर निवासी प्रदीप की शादी मेरठ के अल्लीपुर की गुड्डी से हुई थी। दंपति की तीन संतानें हैं - दो बेटियां और एक बेटा। बेटियां पिता के साथ रहती थीं, जबकि बेटा मां के साथ अल्लीपुर में था। शादी के बाद से ही गुड्डी को उसके परिजन बार-बार मायके ले जाते थे। 12 अप्रैल को प्रदीप अपनी दोनों बेटियों के साथ पत्नी और बेटे को वापस लाने ससुराल गया। वहां ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट कर भगा दिया। अगले दिन वह फिर गया, तब भी उसके साथ मारपीट हुई। प्रदीप ने बताया कि दीपक, राहुल, कुसुम और डॉ. टीटू ने उसे पीटा। 15 अप्रैल को प्रदीप ने आत्महत्या कर ली। उसने सुसाइड नोट में दीपक, राहुल, कुसुम, डॉ. टीटू, पत्नी गुड्डी और सरोज को मानसिक व शारीरिक प्रताड़ना का दोषी बताया। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुसाइड नोट को कब्जे में ले लिया गया है। अभी तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### पुलिस ने गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, सिकंदराबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। किसान यूनियन के कार्यकताओं ने बुलंदशहर-गाजियाबाद नेशनल हाईवे-34 पर एक संदिग्ध ट्रक को रोका। ट्रक में अवैध रूप से गोवंश ले जाया जा रहा था। कार्यकताओं ने ट्रक के चालक और परिचालक को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में एक आरोपी ने खुद को हरियाणा के मेवात का और दूसरे ने बिहार का निवासी बताया। किसान यूनियन ने दोनों को पुलिस के हवाले कर दिया।

# तहसील सभागार में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बिंदकी, फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जनपद में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी के सभागार में विधायक जहानाबाद राजेंद्र सिंह पटेल व जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकताओं की समस्याओ को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवश्यकतानुसार शिकायतो में मौके पर जाकर नियमानुसार गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक, समय से निस्तारण किया जाय, कोई भी शिकायत लंबित न रहे, शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही की जायेगी। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण मे आवश्यकतानुसार राजस्व व पुलिस बल की सयुंक्त टीम




मौके पर जाकर उसका नियमानुसार निस्तारण करे, साथ ही निस्तारण की कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी कराई जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबधित शिकायतों को पुलिस क्षेत्राधिकारी बिन्दकी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को शिकायतो का समयावधि में निस्तारण के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी कुल 185 शिकायतें प्राप्त हुई, के सापेक्ष 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु आवश्यकतानुसार पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। इस मौके पर उपजिलाधिकारी बिन्दकी पुलिस क्षेत्राधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार बिन्दकी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी0 आर0 डी0 ए0 सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जोनिहा में अवैध अतिक्रमण पर गरजने पहुंचा योगी का बुलडोजर

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जोनिहा गांव में सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त किया गया ग्रामीण शैलेंद्र कुमार द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत के आधार पर संज्ञान में लेते हुए बिंदकी उप जिलाधिकारी तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार समेत भारी पुलिस बल गांव पहुंचा पैमाइश करते हुए देखा गया कि ग्रामीण कन्हैयालाल विश्वकर्मा राम प्रकाश फौजी धर्मेंद्र रानी सोनकर तथा अन्नू द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया था जहां प्रशासन ने तत्काल अतिक्रमण हटवाते हुए अतिक्रमण कारियों को दोबारा ऐसी गलती करने पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी शिकायत के आधार पर प्रशासन के



साथ बुलडोजर मौके पर पहुंचा जहां आसपास की साफ सफाई कराई गई वहीं गांव के अन्य आक्रमणकारियों में सनसनी फैल गई

# जहरीले सांप में युवक को डसा, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार


फतेहपुर। जनपद के खागा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव उकाथू निवासी 30 वर्षीय युवक महेश पुत्र परशुराम की गेहूं काटते समय जहरीले सांप के काटने से हालत खराब हो गई मिली जानकारी के अनुसार युवक अपने खेतों पर गेहूं की फसल काट रहा था इसी बीच जहरीले सांप ने युवक को अपना शिकार बना लिया आनन फानन युवक ने परिजनों को सूचना दी जहां परिजन नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदों ले गए युवक की हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने जिला अस्पताल फतेहपुर के लिए रेफर कर दिया विश्वासनीय सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार खबर लिखते समय तक युवक की हालत में सुधार संतोष जनक नहीं हुआ

# रेजरी अधिकारी बनकर डॉक्टर से ठगे 10 लाख

### ढाई–ढाई लाख करके चार बार में ट्रांसफर हुई रकम, अनजान नंबर से आई थी कॉल

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, बैंक और खाते संबंधी जानकारी लेकर साइबर अपराधियों ने एक रिटायर्ड डॉक्टर के साथ दस लाख रुपए की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी ऐक्ट की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। डीसीपी साइबर क्राइम प्रीति यादव ने बताया कि गौर सिटी-2 निवासी डा. करणवीर सिंह ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सात अप्रैल को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। पहली बार में डॉक्टर ने कॉल नहीं उठाई। करीब आधे घंटे बाद जब उसी नंबर से दोबारा कॉल आई तो डॉक्टर ने उठा लिया। कॉल करने वाले ने खुद को ट्रेजरी दफ्तर का अधिकारी बताया और पेंशन संबंधी कुछ फार्म भरने को कहा। कथित ट्रेजरी अधिकारी ने पांच मिनट बाद डाटा



निकालकर फिर से कॉल करने को कहा। तीसरी बार में ठग ने वॉट्सऐप पर वीडियो कॉल की और कई सूचनाएं साझा की, जो शिकायतकर्ता के पेंशन से संबंधित थी। बातचीत के दौरान ही डॉक्टर के पास एक लिंक भेजा गया और इसपर क्लिक कर बैंक और खाते संबंधी पूरी जानकारी भरने को कहा गया। वॉट्सऐप के माध्यम से ही स्क्रीन शेयरिंग कराई गई। लिंक खोलने के बाद करणवीर ने कुछ ही मिनट में बैंकिंग संबंधी पूरी जानकारी भर दी। इसके बाद शिकायतकर्ता से पूछा गया कि उसके घर से एसबीआई का एटीएम बूथ कितनी दूर है। शिकायतकर्ता ने जब बताया कि एटीएम बूथ की घर से दूरी पांच सौ मीटर है तो कथित अधिकारी ने उसे वहां भेजा और कॉल चालू रखने को कहा। बूथ के अंदर पहुंचने पर शिकायतकर्ता के डेबिट कार्ड से कई प्रक्रिया कराई गई। एक घंटे के भीतर बकाया संबंधी जानकारी शिकायतकर्ता के साथ साझा करने को कहा गया।

साथ ही 24 घंटे के अंदर चार माह की पेंशन समेत अन्य राशि खाते में ट्रांसफर करने का वादा कॉल करने वाले की ओर से किया गया।

# नगर पालिका में सभासदों का विरोध प्रदर्शन

### ईओ पर सरकारी धन के दुरुपयोग करने का लगाया आरोप, डीएम ने दिया जांच का आश्वासन

अमन लेखनी समाचार



बागपत, नगर पालिका में सभासदों ने अधिशासी अधिकारी (ईओ) के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सभासदों ने ईओ केके भड़ाना पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। सभासदों का कहना है कि नगर पालिका में लगे पीने के पानी के वाटर कूलर काम नहीं कर रहे हैं। वर्षा ऋतु आने वाली है, लेकिन सफाई अभियान अभी तक शुरू नहीं हुआ है। ईओ पर बोर्ड बैठकों में शामिल न होने का भी आरोप है। सभासदों का कहना है कि ईओ बिना बोर्ड की अनुमति के अपने कार्यालय में लाखों रुपए का फर्नीचर बनवा चुके हैं। शासन के आदेशानुसार, सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक जनता की समस्याएं सुनने का समय निर्धारित है। लेकिन ईओ इस नियम का पालन नहीं करते। वे बिना अध्यक्ष की अनुमति के मुख्यालय छोड़ देते हैं और रात में अपने सरकारी आवास पर नहीं रुकते। सभासदों ने आरोप लगाया है कि ईओ ने बिना अनुमति के अपने आवास का सौंदर्यीकरण भी करवाया है। उनका कहना है कि ईओ जनता के बीच सभासदों की छवि खराब करते हैं। इन सभी आरोपों को लेकर सभासदों ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। डीएम ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# यमुना प्राधिकरण के अधिकारियों पर चलाईं गोलियां

- जेसीबी से पलटी गाड़ी, 5 आरोपी पकड़े गए; अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे थे अधिकारी

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में अवैध खनन माफियाओं ने यमुना प्राधिकरण की टीम पर जानलेवा हमला किया। सोमवार रात को दनकौर क्षेत्र में अवैध खनन की सूचना मिलने पर प्राधिकरण की टीम मौके पर पहुंची थी। यमुना प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक संजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम में सुपरवाइजर प्रमोद कुमार, गनमैन हरेंद्र सिंह, उदयवीर सिंह और सुरक्षाकर्मी विनोद कुमार शामिल थे। मौके पर एक जेसीबी और चार डंपर से अवैध खनन चल रहा था। टीम ने जब खनन का विरोध किया तो माफियाओं ने गोलियां चला दीं। अधिकारियों ने जमीन पर लेटकर अपनी जान बचाई। टीम जब




सरकारी गाड़ी में भागने लगी तो आरोपियों ने जेसीबी से गाड़ी को पलट दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी दीपक कसाना समेत विनय, रविंद्र, गौरव और राहुल को गिरफ्तार किया है। उनसे 4 हाईवा और एक जेसीबी मशीन बरामद की गई है। कोतवाल प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि बाकी फरार आरोपियों की तलाश जारी है। सभी आरोपियों को गुरुवार को जेल भेजा जाएगा।

# पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गोड ने गाजियाबाद का चार्ज लिया

### हर पुलिस ऑफिस में जनसुनवाई 10 बजे होगी, भ्रष्टाचार की शिकायत पर सीधे निलंबन

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, नवागत पुलिस कमिश्नर जे. रविंदर गोड को गाजियाबाद पहुंचकर चार्ज संभाल लिया। वह सीएम योगी के सबसे भरोसे के अधिकारी माने जाते रहे हैं। शासन ने 15 अप्रैल की देर रात 11 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया। इनमें सबसे बड़ा नाम गाजियाबाद के पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्रा का था, जिन्हें पुलिस कमिश्नर से हटाया गया। आगरा के पुलिस कमिश्नर रहे जे. रविंदर गोड को गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई। आगरा से पहले वह सीएम के गढ़ गोरखपुर में डीआईजी और आईजी रह चुके हैं। 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी जे. रविंदर गोड गाजियाबाद के दूसरे पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। जनसुनवाई में सही 10 बजे ऑफिस पहुंच जाते हैं। जहां अपने



कार्यालय में वह खुद जनता की सुनवाई करते हैं। इसमें जिन भी थाना क्षेत्रों से अधिक शिकायतें पहुंचती हैं, उस थाना प्रभारी पर कार्रवाई की जाएगी। डीसीपी, एडिशनल डीसीपी और सभी एसीपी कार्यालयों में सुबह 10 बजे ऑफिस का समय तय कर दिया है। जिसमें थानों में नाइट अफसरों की जिम्मेदारी तय होगी। भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने पर सीधे थाना प्रभारियों का निलंबन होगा। जे. रविंदर गोड का कहना है कि जनप्रतिनिधियों से बेहतर समनव्य किया जाएगा। पुलिस के पास अपनी समस्याओं को लेकर लोग आते हैं, उनका निस्तारण करना पुलिस का काम है। आगरा में पुलिस कमिश्नर बनने के बाद थाना प्रभारियों से अलग अलग विधानसभा से विधायकों के नाम, सांसद, राज्यसभा सदस्यों के नाम मीटिंग में पूछे। जिससे हर पुलिसकर्मी अपनी जिम्मेदारी समझ सके। गौकशी रोकने के साथ भूमाफियाओं पर कड़ी कार्रवाई होगी। यदि स्नेचिंग की घटनाएं हुईं तो बीट सिपाही से लेकर चौकी इंचार्ज और थाना प्रभारी भी जिम्मेदार होंगे। यातायात व्यवस्था को और भी बेहतर किया जाएगा। 2005 बैच के आईपीएस अधिकारी जे. रविंदर गोड गाजियाबाद के दूसरे पुलिस कमिश्नर बनाए गए हैं। अभी तक वह आगरा के पुलिस कमिश्नर थे। इससे पहले गोरखपुर में लंबे समय तक डीआईजी और आईजी रह चुके हैं। वह लखनऊ, मेरठ, मुरादाबाद, अलीगढ़, लखनऊ समेत कई महत्वपूर्ण शहरों में एसएसपी रह चुके हैं।

पूर्वांचल से लेकर वेस्ट यूपी तक उन्हें कानून व्यवस्था संभालने का लंबा अनुभव है। गाजियाबाद में लंबे समय से महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद और भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी सुनवाई न होने पर शासन में पूर्व में शिकायत कर रहे थे।

# हाईवे पर वाहनों से बैटरी चोरी करने वाला गैंग धरा

### गुलावठी पुलिस ने 5 शातिर चोरों को पकड़ा, 8 बैटरी और हथियार बरामद

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, गुलावठी में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में हाईवे पर चलते वाहनों से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से 8 बैटरी लिव गार्ड, एक थ्री व्हीलर लोडर, 2 तमंचे, 3 चाकू और कटर बरामद किए हैं। सीओ पूर्णिमा सिंह ने बताया कि पकड़े गए पांचों आरोपी मेरठ के रहने वाले हैं। इनमें मोनू



उर्फ इसरार, इमरान, नेपाली उर्फ नायब, इरफान सैफी और चांद शामिल हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। इमरान पर 6 मुकदमे, मोनू और नेपाली पर 4-4 मुकदमे, जबकि इरफान और चांद पर 2-2 मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारी में कोतवाल सुनीता मलिक, एसआई संजीव कुमार और श्रीपाल की टीम शामिल थी। पुलिस ने हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की मदद से इस गिरोह का पता लगाया। फुटेज में गैंग के सदस्य चलते वाहनों से बैटरी और अन्य सामान चोरी करते हुए नजर आए।

# स्थापना दिवस पर खुला वाटर एटीएम

### प्रतिघंटा 1200 लीटर की क्षमता, कार्ड से एक बार में निकलेगा 20 लीटर पानी

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, 49वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस मौके पर लोगों को ठंडा पानी प्रोवाइड कराने के लिए वाटर एटीएम खोला गया है। ये एटीएम सीएसआर फंड के जरिए सेक्टर-24 के पास ईएसआई अस्पताल के पास खोला गया। इसका शुभारंभ नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने किया। इस मौके पर अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री, वित्त नियंत्रक और केनरा बैंक के प्रतिनिधि मौजूद रहे। इस वाटर एटीएम की क्षमता करीब 1200 लीटर प्रतिघंटा है। शुरू किए गए वाटर एटीएम ने लोगों को साफ और ठंडा पानी निःशुल्क दिया जाएगा। जिसमें अल्ट्रा वायलेट सिस्टम, ओजोनेटर, सेंड फिल्ट्रेशन, कार्बन फिल्ट्रेशन, 5-10 माइक्रोन्स फिल्ट्रेशन और पेबल फिल्ट्रेशन के जरिए पानी की



गुणवत्ता को बढ़ाया गया है। इसके अतिरिक्त वाटर एटीएम में हार्डनेस, फ्लोराइड, क्लोराइड एवं अन्य अशुद्धियों को दूर करने के लिए इसमें रिवर्स ओसमिस की व्यवस्था की गयी है। इस वाटर एटीएम से जनमानस के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए ऑटोमैटिक कार्ड ऑपरेटेड वाटर वेंडिंग मशीन दिया जाएगा। अन्य वेंडिंग मशीन जिसकी क्षमता 1 लीटर प्रति कार्ड कोल्ड एंड प्यूर ड्रिंक वाटर के लिए बनाया गया है। ये वाटर एटीएम सुबह 8 से रात 8 बजे तक रोजाना खुलेगा। बता दें, इससे पहले भी प्राधिकरण सात जगहों पर वाटर एटीएम शुरू कर चुकी है। जिससे लोगों को स्वच्छ जल मिल रहा है।

# गुर्जर महासभा की अहम बैठक

### समाज में शिक्षा का प्रसार और कुरीतियों को दूर करने पर जोर

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा के बिरौंडा गांव में अखिल भारतीय गुर्जर महासभा की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक प्रदेश महामंत्री और मीडिया प्रभारी चैनपाल प्रधान के आवास पर आयोजित की गई। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ईश्वर चौधरी ने बैठक की अध्यक्षता की। प्रदेश संगठन महामंत्री अमरजीत चौधरी ने बैठक का संचालन किया। प्रदेश अध्यक्ष चंद्रवीर नागर ने कहा कि समाज तेजी से प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों में समाज के युवा उच्च पदों पर कार्यरत हैं। वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुखबीर सिंह आर्य ने शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णपाल गुर्जर ने यूपी सरकार से जनसंख्या के अनुपात में समाज की भागीदारी बढ़ाने की मांग की। प्रदेश मंत्री चैनपाल प्रधान ने 10 मई को धन सिंह कोतवाल के बलिदान दिवस पर विशेष कार्यक्रम की घोषणा की। पहलवान अमित भाटी ने समाज की एकजुटता पर बल दिया। बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान ईश्वर सिंह, श्याम सिंह, अरविंद भाटी, कैप्टन



पंचशील गुर्जर, नरेंद्र भड़ाना, अमित विकल, राजू भाटी सहित गुर्जर समाज के कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

## संक्षेप

### बुंदेलखंड विश्वविद्यालय संबद्ध महाविद्यालयों की परीक्षाएं शुरू, पहले दिन 23 ने दी परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा,हमीरपुर। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय की सेमेस्टर परीक्षाएं शनिवार से प्रारंभ हो गई है। इस संबंध में स्व सुन्दर लाल शिवहरे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय झाँसी के सेमेस्टर कि परीक्षाएं प्रारम्भ हो चुकी है, स्व सुन्दर लाल शिवहरे डिग्री कॉलेज को बब्बू सिंह महाविद्यालय खन्ना, सरस्वती विद्या पीठ महिला महाविद्यालय रागौल व युग चेतना महाविद्यालय सुमेरपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमें 2251 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। वहीं शुरूआती दिन शनिवार को उर्दू की परीक्षा द्वितीय पाली में थी, जिसमें 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है।

# डॉ. संदीप के मुख्य आतिथ्य में हुई भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा

अमन लेखनी समाचार



झाँसी। जनपद के पंचवटी स्थित शिव परिवार कॉलोनी में अंजनी माता मंदिर पर भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना के उपलक्ष्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में कथा परीक्षित के रूप में श्रीमती रानी एवं लखनलाल सक्सेना द्वारा सपरिवार यह कार्यक्रम आयोजित कराया जा रहा है। सात दिवसीय इस कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉक्टर संदीप सरावगी मुख्य अतिथि के रूप में कलश यात्रा एवं मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा व स्थापना कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथि के रूप में डॉ० संदीप के आगमन पर कथा परीक्षित परिवार द्वारा तिलक व माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन में कार्यक्रम प्रभारी के रूप में डॉक्टर प्रभाकर शास्त्री एवं कार्यक्रम प्रमुख के रूप में प्रशांत सक्सैना सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में अंजनी माता मंदिर के पुजारी आनंद कुमार द्वारा कार्यक्रम की विधिवत संचालन में विशेष रूप से सहयोग दिया गया। कार्यक्रम में कथा वाचक के रूप में बांके बिहारी मंदिर चरखारी से कथा व्यास श्री कृष्ण चंद्र शास्त्री उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ० संदीप ने कहा भागवत में ज्ञानयोग, कर्मयोग, समाजधर्म, स्त्रीधर्म, आपद्धर्म, राजनीती आदि का ज्ञान भरा है। यह एक ऐसा शास्त्र है कि जिसके सुनने से और उसका अनुसरण करने से जीवन से संबंधित सभी प्रश्नों का उत्तर पाया जा सकता है साधक को साधन मार्ग में क्या-क्या संशय आते हैं इन सब पर विचार करके भागवत पुराण का रचना की गयी है। हमें इस प्रकार के आयोजनों में समय-समय पर सम्मिलित होते रहना चाहिए और अपने आगे आने वाली पीढियों को भी इसके महत्व को समझना चाहिये। क्योंकि दूसरी सभ्यताओं का अनुसरण करते हुए हम अपने धर्म से विमुख होते जा रहे हैं जो भविष्य में सनातन के लिए एक बड़ा खतरा है। हमें अपने वेद पुराण आदि धर्म ग्रंथो को कुछ समय निकाल कर नियमित रूप से पढ़ना चाहिए इन्हें पढने से निश्चित रूप से आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती कृष्णकांति-अंजनी कुमार सक्सेना, श्रीमती अंकिता-चित्रांश सक्सेना, प्रियंका आनंद सक्सेना आदि का भी सहयोग रहा। इस अवसर पर संघर्ष सेवा समिति से आशीष विश्वकर्मा, अरुण पांचाल, सुशांत गेड़ा, बसंत गुप्ता, मास्टर मुन्नालाल, कमल मेहता, महेंद्र रायकवार, संदीप नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# कुकरगांव बालू घाट पर एनजीटी के नियमों के विपरीत अवैध खनन बदस्तूर जारी

अमन लेखनी समाचार



झांसी। मामला झांसी जिले के टहरौली तहसील अंतर्गत आने वाले कुकरगांव बालू घाट का है जहां बालू माफियाओं द्वारा रात दिन एनजीटी के नियमों को दरकिनार करते हुए अवैध तरीके से बालू का खनन करके खनिज विभाग को लाखों रुपए का चूना लगाया जा रहा है ।उक्त बालू घाट पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही के बावजूद भी खनन माफिया अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे है। ठेकेदार की सह पर घाट संचालक द्वारा लगातार प्रतिबंधित लिफ्टर मशीनों से नदी की जलधारा रोककर जमकर लाल सोने की लूट खसोट की जा रही है ।बगैर रॉयल्टी व बिना नंबरों के ओवरलोड ट्रक रात दिन सड़कों पर दौड़ते देखे जा सकते हैं ।इतना ही नहीं बालू घाट संचालक द्वारा एनजीटी के नियमों को दरकिनार करते हुए न तो कही फर्म का बोर्ड लगाया गया है और न ही सीसीटीवी कैमरे ,जिससे प्रतीत होता है कि इस अवैध खनन के खेल में कही न कही किसी बड़े राजनैतिक लोगों का संरक्षण प्राप्त है,जो सरकार की छवि धूमिल करने का कार्य कर रहे है ।सूचना पर जब कोई पत्रकार कवरेज करने घाट पर जाता है तो घाट संचालक के गुर्गे दबंगई दिखाते हुए पत्रकारों से घाट पर जाने की परमीशन मांगते है। आखिर खनिज विभाग ऐसे लोगों पर क्यों मेहरबान है ये सोचने बाली बात है ।अब देखना है कि प्रशासन और खनिज विभाग इन बालू माफियाओं पर कोई कार्यवाही करता है या नहीं ? या फिर सिस्टम के दम पर यह अवैध कारोबार यूं ही चलता रहेगा।

# एडीएम नमामि गंगे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ समाधान दिवस

**तकरीबन चार दर्जन शिकायतों में से मात्र 4 शिकायतों का हो सका निस्तारण**

अमन लेखनी समाचार




मौदहा, हमीरपुर। स्थानीय तहसील परिसर में आयोजित समाधान दिवस में चार दर्जन शिकायतकताओं ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। समाधान दिवस में मौजूद अधिकारी ने मात्र 4 शिकायतकताओं की समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर सकें। इस बीच नमामि गंगे समेत राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग की शिकायतों की भरमार रही।

शनिवार को नगर के तहसील परिसर स्थित सभागार कक्ष में आयोजित समाधान दिवस अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सुबह दस बजे से शुरू हुए समाधान दिवस में कुल 45 शिकायतकताओं ने दोपहर दो बजे तक अपनी-अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। इस दौरान ज्यादातर शिकायतें नमामि गंगे योजना में हुए भ्रष्टाचार, राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग से संबंधित रहीं। इसी क्रम में ग्राम करहिया की रानी पत्नी बिंदाजली ने क्षेत्राधिकारी को तहरीर देकर बताया कि गांव का ही दुर्गेश पुत्र गया प्रजापति उसके पास दस हजार रुपए मांगने आया तभी मैंने पैसा न होने का हवाला दिया तो मुझे गंदी गालियां देने लगा और रात को शराब के नशे में चूर होकर आया और मेरा हांथ पकड़कर मुझे बुरी नियत से पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारने पीटने लगा। मारपीट का शोर सुनकर जब मेरे पति व लड़के आए तो उक्त दुर्गेश ने तमंचा लहराते हुए मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देकर चला गया। इसी तरह अधिवक्ता राजन परिहार ने एडीएम को ज्ञापन देकर बताया कि पिछले कई दिनों से तहसील परिसर स्थित पानी की टंकी का पाइप टूटा होने के चलते लीकेज होने की समस्या है जिससे प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इस समस्या की तरफ ध्यान आकर्षित कराते हुए अधिवक्ता ने भीषण गर्मी में पेयजल संकट गहराने की बात कहकर उक्त समस्या से निजात दिलाने की मांग की है। हालांकि चार दर्जन शिकायतों में मात्र 4 शिकायतों का निस्तारण होना ही अधिकारियों की कार्यप्रणाली की दशा और दिशा दशार्ता है। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता, क्षेत्राधिकारी विनीता पहल समेत नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता मौजूद रहे।

# अपर जिलाधिकारी ने सुनी लोगों की फरियाद, 28 में से 6 मामले निस्तारित



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले के सैदपुर तहसील के सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जहां लोगों की फरियाद सुनने के लिए जिले से अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार पहुंचे। अध्यक्षता करते हुए उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके सामने कुल 28 प्रार्थनापत्र आए, जिसमें से मौके पर कुल 6 मामलों का निस्तारण किया गया। शेष के लिए टीमें गठित कर मौके पर भेजी गईं। एडीएम ने कहा कि जो भी मामले आते हों, उन सभी का निस्तारण बिना मौके का मुआयना किए न किया जाए। कहा कि मौके पर जाकर टीमें दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर मामले का निस्तारण करें। इस मौके पर एसडीएम रणविजय सिंह, तहसीलदार हिमांशु सिंह, नायब तहसीलदार विश्राम यादव, मीना गोंड, एसडीओ एके सिंह, डॉ. बीके राय आदि रहे।

# विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में विशाल सभा का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर ।विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में नगर पालिका अंबेडकर पार्क में एक विशाल सभा का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राम दत्त पांडे ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा बंगाल के हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार इतने अधिक हो गए हैं कि हिंदुओं ने हजारों की संख्या में दूसरे प्रदेशों में पलायन के लिए मजबूर हो गए गांव के गांव खाली हो गए वहीं विभाग संगठन मंत्री विकास ने हिंदुओं की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की तथा हिंदू समाज को जागरूक होने का आवाहन किया और समाज को आर पार की लड़ाई लड़ने के लिए तैयार रहने का आवाहन किया राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रहे सरस्वती शरण द्विवेदी यतीश जी ने पश्चिम बंगाल के तीनों जिलों में डेमोग्राफी बदलने पर चिंता व्यक्त की और यह संकट राष्ट्रव्यापी है इसलिए हर स्थान पर हिंदू हिंदुओं को सतर्क होकर रहना होगा ताकि जनसंख्या अनुपात उनका न बढ़े इस बात की गहरी चिंता व्यक्त की क्योंकि जहां-जहां हिंदू कम होता है वहां-वहां दूसरे समुदाय का अत्याचार बढ़ता है संचालन कर रहे विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष उमेश दीक्षित ने जात पात का भेद भूल कर सभी हिंदुओं को एकजुट होकर कार्य करने का आवाहन किया वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला सह कार्यवाह राजन ने पश्चिम बंगाल सरकार को बर्खास्त करने की मांग की कार्यक्रम में संयोजक सचिन निरंकारी समाज के प्रमुख क्रांति कुमार गुप्ता धर्म रक्षा महासंघ के प्रांत अध्यक्ष डॉ अवधेश मिश्रा नगर पालिका के अध्यक्ष कुलदीप निषाद जिला सह मंत्रीअजय हिंगवासिया सहित दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति की बहनों के अलावा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# पत्रकार के निधन पर जताया शोक



अमन लेखनी समाचार

ककरबई, झांसी। कस्बा गरौठा के स्थानीय बजरंग धर्मशाला में पत्रकारों द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। जिसमें दैनिक जागरण के पत्रकार रामपाल सिंह यदुवंशी के भतीजे शिक्षक सुरजन यदुवंशी का सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन होने पर गहरा दुख जता कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप बालादीन राठौर, शशिकांत तिवारी, राजेंद्र बुंदेला, रिंकू सेंगर, मुबीन खान, अरविंद सिंह दाऊ ,हेमंत यादव, मुन्ना यादव,विमल तिवारी, सोम मिश्रा, सुरेंद्र तिवारी , निर्दोष राजपूत, गुलाब यादव, सुनील तिवारी, वीरू यादव, विपिन श्रीवास महेंद्र रैकवार, विवेक गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद है।

# संपूर्ण समाधान- 103 शिकायतों में 10 का मौके पर हुआ समाधान

अमन लेखनी समाचार



राठ, हमीरपुर ।तहसील सभागार में डीएम घनश्याम मीणा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस हुआ। विभिन्न विभागों से संबंधित 103 शिकायतों में 10 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। जिलाधिकारी ने अन्य शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में रौरो गांव के प्रधान रामसनेही ने गांव में चकबंदी कराए जाने की मांग की। सरसई गांव की रामकली ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके पति 17 दिसंबर 1013 से लापता है। बताया भूमि की बरासत करानी है जिसके लिए कोई सुनवाई नहीं हो रही। पत्रकारों ने ज्ञापन देते हुए पत्रकार साथी समीर के खिलाफ फर्जी मुकदमा लिखे जाने की शिकायत की। बताया कि कवरेज करने गए पत्रकार पर फर्जी तरीके से मुकदमा लिखा दिया गया। मुकदमे से नाम हटाए जाने की मांग की है। टोला गांव के ह्रदेश कुमार, कीरत सिंह, अरुण कुमार ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना से गांव को पानी नहीं मिल रहा है। बताया कि कई बार शिकायत करने पर सुनवाई नहीं हो रही। प्रार्थना पत्र देते हुए समस्या का निस्तारण कराए जाने की मांग की है। गोहांड की शिवकुमारी ने जेठ पर जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया। राठ के पठानपुरा मोहल्ला निवासी निशा ने बताया कि 30 दिसंबर को उनके घर में चोरी हुई थी। समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर एसपी डॉ दीक्षा शर्मा, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, एसडीएम अभिमन्यु कुमार आदि रहे।

# तीव्र गति से आ रही बस ने बाइक में मारी जोरदार टक्कर ,एक की मौत,दो घायल

**त्रियोदशी में सम्मिलित होने के लिए जा रहे थे बाइक सवार**

अमन लेखनी समाचार




गरौठा। तहसील गरौठा अंतर्गत ग्राम कुड़री के पास तेज गति से आ रही एक बस ने बाइक सवार में जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार एक व्यक्ति की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि महिला सहित दो गंभीर रूप से घायल हो गए ।शनिवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे ग्राम कचीर थाना ककरवई निवासी हुकुम सिंह यादव (45 वर्ष)पुत्र स्वर्गीय मुन्ना अपनी पत्नी शशिप्रभा उर्फ गुड्डन व गांव के ही हेमराज नापित उर्फ कल्लू (35 वर्ष )पुत्र श्यामलाल के साथ त्रियोदशी के निमंत्रण में शामिल होने ग्राम अमरौधा (कानपुर) जा रहे थे ।जैसे ही वे कुड़री गांव के पास पहुंचे तभी सामने से तीव्र गति से आ रही बस नंबर एमपी 67 पी 0191 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से तीनों बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल होंगे ।जिनमें से हुकुम सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि गंभीर रूप से घायल शशिप्रभा व हेमराज को एंबुलेंस की मदद से स्वास्थ्य केंद्र बामौर लाया गया ।जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया ।घटना की सूचना मिलने पर एरच थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है ।मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है ।वही इस घटना से मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# विश्व हिंदू परिषद का पश्चिमी बंगाल सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पश्चिम बंगाल के हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के साथ हुई अमानवीय कृत्य को लेकर देश भर के लोगों में पश्चिम बंगाल के सरकार के खिलाफ उबाल देखने देखने को मिल रहा है। हिंसा प्रभावित परिवारों की जो पीड़ा का वीडियो सामने आया है उसने दिल झकझोर कर रख दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं के साथ हुए अमानवीय व्यवहार को लेकर सोनभद्र में विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने एकत्रित होकर राष्ट्रपति के नामित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन सौंप कर मांग की गई कि पश्चिम बंगला की सरकार को तत्काल बर्खास्त किया जाए और राज्य में सेना तैनात की जाए जिससे हिन्दू अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सके। ममता बनर्जी चाहती है कि राज्य से हिंदुओ का पलायन हो इसलिए वो हिंसा प्रभावित जिलों में ठकअ की जांच की मांग से बच रही है। विश्व हिंदू परिषद के काशी प्रांत के नेता नरसिंह त्रिपाठी ने बताया कि वक्फ बिल को माध्यम बनाकर हिंदू समाज को लक्ष्य करके जो हिंसा मुर्शिदाबाद में की गई है। उसके लिए हम एकत्र हुए थे। हम लोगों की मांग है कि पश्चिम बंगाल की सरकार को बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए और हिन्दू समाज की सुरक्षा के लिए वहां सेना तैनात की जाए। क्योंकि हिंदू समाज वहां कम संख्या में रहता है। मुर्शिदाबाद को हिंदू शून्य करने का प्रयत्न ममता बनर्जी का चल रहा है। राष्ट्रपति महोदय से हमारी मांग है कि वहां की सरकार को भंग करके। बांग्लादेश से सटी सीमा को बैरिकेडिंग कर बंद किया जाए। वहां से आतंकवादी आकर उपद्रव करते है। ममता बनर्जी को कहना चाहता हूं कि वह कहती यह सुनियोजित हिंसा है यह हिंसा बांग्लादेशियों ने किया है और यह अंतरराष्ट्रीय मुद्दा है। तो फिर वह ठकअ से क्यों नहीं मांग करती है कि इसकी जांच हो। आप हिंसा की मांग भी नहीं कर रही है। आतंकवादियों का साथ भी दे रही है। इतना ही नहीं राहत सामग्री पहुंचने वाले सामाजिक संगठन पर प्रतिबंध लगाकर कह रही है कि दीजिए हम राहत सामग्री भेजेंगे। जबरदस्ती सिविर में जान बचाकर रहने वाले हिंदुओं को कह रही हैं तुम लोग मुर्शिदाबाद जाओ। जान बूझकर हमलावरों के सामने हिंदुओ को पुनः परोसने की सुनियोजित साजिश ममता बनर्जी पर रचना चाहती हैं। इसलिए हम इस कृत्य की भर्त्सना करते हैं और राष्ट्रपति से मांग करते हैं सरकार तत्काल को बर्खास्त करके पश्चिम बंगाल में सेना तैनात की जाए।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील सदर पर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं

**शिकायतों के निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश**

**जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अपने-अपने सर्किल में पड़ने वाले तहसील पर सुनी गयी फरियादियों की समस्याएं**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। दिनांक 19.02.2025 को सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी सोनभद्र बद्रीनाथ सिंह व पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सदर पर जन शिकायतों को सुना गया तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया गया। साथ ही निर्देशित किया गया कि जमीन सम्बंधित सभी प्रकरणों में पुलिस व राजस्व की टीमों द्वारा संयुक्त रूप से प्रकरण का निस्तारण किया जाए, जिससे फरियादियों को अलग-अलग भटकना न पड़े व प्रकरणों का त्वरित व न्याय पूर्ण निस्तारण हो सके। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों द्वारा अपने-अपने सर्किल में पड़ने वाले तहसील पर सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**



# ‘ठग लाइफ’ का जारी हुआ पहला गाना

**मुंबई।** कमल हासन की फिल्म ‘ठग लाइफ’ रिलीज होने वाली है। शुक्रवार को चेन्नई में इस फिल्म की पहली प्रेस मीट हुई। प्रेस मीट में अभिनेता कमल हासन, निर्देशक मणिरत्नम और म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान पहुंचे। शुक्रवार को फिल्म का पहला गाना ‘जिंगुचा’ लॉन्च किया गया। ‘ठग लाइफ’ पांच जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। यह गैंग्स्टर एक्शन ड्रामा फिल्म है। फिल्म का निर्देशन मणिरत्नम कर रहे हैं। इस फिल्म को कमल हासन और मणिरत्नम ने मिलकर लिखा है। कमल हासन की राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल, मणिरत्नम की मद्रास टॉकीज, आर महेंद्रन और शिवा अनंत निर्मित ‘ठग लाइफ’ में कई बेहतरीन कलाकार भी शामिल हैं।



## लाइफ Style

# वाणी

## ‘रेड 2’ से संभलेगी लड़खड़ाते कॅरियर की गाड़ी

बॉलीवुड में वाणी कपूर के कॅरियर को 12 साल हो चुके हैं। अब तक इस एक्ट्रेस के खाते में चुनिंदा फिल्में ही हैं। साथ ही चंद फिल्मों में से कुछ ही बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। जल्द ही वाणी, अजय देवगन की फिल्म ‘रेड 2’ में दिखेंगी। जानिए, ‘रेड 2’ से पहले वाणी की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर क्या हाल रहा है? यशराज फिल्म्स की फिल्म ‘शुद्ध देसी रोमांस(2013)’ से वाणी कपूर ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मनीष शर्मा निर्देशित इस फिल्म में वाणी के अलावा सुशांत सिंह राजपूत और परिणीति चोपड़ा ने भी अभिनय किया। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 46.60 करोड़ रुपए कमाए और इसका बजट 22 करोड़ रुपये बताया जाता है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर ‘शुद्ध देसी रोमांस’को हिट माना गया है। वाणी ने 2016 में दूसरी हिंदी फिल्म ‘बेफ्रिके’भी यशराज बैनर तले ही की। इसमें वह रणवीर सिंह के साथ रोमांस करती नजर आईं। इस फिल्म को आदित्य चोपड़ा ने डायरेक्ट किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 60.24 करोड़ रुपये का बिजनेस किया। इस फिल्म को एवरेज ही माना गया।

ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ के एक्शन से सजी फिल्म ‘वॉर(2019)’ में वाणी कपूर भी नजर आईं। इस फिल्म में वह ऋतिक रोशन के किरदार कबीर की गर्लफ्रेंड के रोल में दिखीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 318 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया, जबकि इसका बजट 170 करोड़ रुपये बताया गया है। इस तरह वाणी को ऋतिक की वजह से अपने कॅरियर में एक बड़ी हिट फिल्म मिली। इस फिल्म को सिद्धार्थ आनंद ने निर्देशित किया था। साल 2021 में आयुष्मान खुराना के साथ वाणी कपूर ने एक फिल्म ‘चंड़ीगढ़ करे आशिकी’ की। इस फिल्म को अभिषेक कपूर ने निर्देशित किया था।

## हॉलीवुड मसाला

# टायलर पैरी हैं दुनिया का सबसे अमीर एक्टर




**नई दिल्ली।** फोर्ब्स की 2025 की बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक, दुनिया के सबसे अमीर एक्टर टायलर पैरी हैं। एक्टर, राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर पैरी की कुल संपत्ति 1.4 बिलियन डॉलर है। अमीरों की इस लिस्ट में पैरी ने जैरी सीनफील्ड (1.1 बिलियन डॉलर), टॉम क्रूज (800 मिलियन डॉलर), शाहरुख खान (770 मिलियन डॉलर) और पूर्व रेसलर व एक्टर ड्वेन जॉनसन (700 मिलियन डॉलर) को पीछे छोड़ दिया है। लेकिन चौंकाने वाली बात है कि पैरी ने अपने फिल्मी कॅरियर में आज तक एक भी ब्लॉकबस्टर फिल्म नहीं दी है। पैरी को मेडिया फ्रेंचाइजी (सीरीज) के लिए जाना जाता, जिसमें वह अपने अहम रोल के लिए मशहूर हैं। इस सीरीज ने दुनियाभर में 660 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई की थी।



# ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’ का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हाल ही में हॉलीवुड की फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’का ट्रेलर रिलीज हुआ। इसके टीजर ने जहां दर्शकों में फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी थी, वहीं अब ट्रेलर ने हंगामा ही कर दिया है। सुपरहीरो वाली फिल्में पसंद करने वाले दर्शक इसके ट्रेलर को देखकर खुश हैं। सोशल मीडिया पर ट्रेलर को अच्छा रेस्पॉन्स भी मिला है। सुपरहीरो वाली फिल्मों को पसंद करने वाला एक बड़ा दर्शक वर्ग दुनिया ही नहीं भारत में भी मौजूद है। स्पाइड मैन, सुपरमैन, आयरन मैन जैसे सुपरहीरो पर कई हॉलीवुड फिल्में बनी हैं। इनके अलावा चार अलग-अलग सुपरहीरो को एक साथ लाकर एक फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर’ भी दर्शकों को देखने को मिली। इसी सीरीज की एक फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’जल्द रिलीज होगी। यह फिल्म दुनिया भर में 25 जुलाई 2025 को रिलीज होगी। फिल्म ‘द फैंटास्टिक फोर-फर्स्ट स्टेप’ का ट्रेलर रिलीज हुए चंद ही घंटे गुजरे हैं। इस फिल्म के ट्रेलर को दर्शकों ने काफी पसंद किया है।



# राधिका आप्टे ने शेयर किया अपनी फिल्म का पोस्टर


**मुंबई।** राधिका आप्टे ने अपने सोशल मिडिया पर अपनी फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके अंदाज ने लोगों को चौंका दिया है। इस पोस्टर में अभिनेत्री हाथ में झाड़ू और कमर साड़ी बांधे हुईं नजर आ रही हैं। अभिनेत्री राधिका आप्टे ने अपने इंस्ट्ग्राम पर एक स्टोरी लगाई है, जिसमें उन्होंने अपनी फिल्म ‘सिस्टर मिडनाइट’ का एक पोस्टर शेयर किया है। एक्ट्रेस ने जिस पोस्टर को शेयर किया है, उस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, ‘सिस्टर मिडनाइट के यूएस टैक्सी ड्राइवर से प्रेरित आधिकारिक पोस्टर की पहली झलक।’ इसके अलावा लिखा कि फिल्म का निर्देशन और लेखन का काम करण कंधारी द्वारा किया गया है। साथ ही कैप्शन में लिखा कि यह फिल्म 16 मई को पहले न्यूयॉर्क में फिर 23 मई को लॉस एंजिलस में और उसके बाद बाकी शहरों में रिलीज की जाएगी।



# ‘केसरी चैप्टर 2’ ने जीता फैंस का दिल

**मुंबई।** अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म ‘केसरी चैप्टर 2: द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ जलियांवाला बाग’ 18 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार की अनकही कहानी को पर्दे पर लाती है। जहां पहली ‘केसरी’ फिल्म सारागढ़ी की जंग पर आधारित थी। वहीं, दूसरा चैप्टर कोर्ट रूम ड्रामा है। फिल्म में वकील सी शंकरन नायर की ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ कानूनी लड़ाई को दिखाया गया है, जो इस दुखद घटना की सच्चाई को दुनिया के सामने लाने की कोशिश करते हैं। रघु पलट और पुष्पा पलट की किताब ‘द केस दैट शुक द एम्पायर’ पर आधारित यह फिल्म दर्शकों के बीच खूब चर्चा बटोर रही है। रिलीज के साथ ही ‘केसरी चैप्टर 2’ को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

## टीवी मसाला



# रूही की गायब होने से मची हलचल, अरमान का फूटा गुस्सा!

**नई दिल्ली।** ‘ये रिश्ता क्या कहलाता है’के लेटेस्ट एपिसोड की शुरुआत होती है उस पल से जब अभिरा को एहसास होता है कि रूही लापता है। उसकी चिंता बढ़ती है और जैसे ही अरमान को पता चलता है, वो रूही पर गुस्सा हो जाता है कि उसने बिना बताए होटल चेकआउट क्यों किया. अभिरा, रूही के मेंटल हालात को लेकर बेचैन हो जाती है। दूसरी ओर, कीयारा अभीर के बारे में सोचती रहती है। वो उलझन में है- क्या अभीर ने उसे देखा था या नहीं? उसे डर है कि कहीं वो उसे खो न दे. जब मनीषा पूछती है कि वो अभीर के साथ खुश है या नहीं, तो कीयारा झूठ बोल देती है कि अभीर उससे बहुत प्यार करता है। तभी चारु मिलने का मैसेज भेजती है, और मनीषा को खुशी होती है कि दोनों बहनों के बीच बातचीत फिर से शुरू हो रही है। रूही अचानक पोद्दार हाउस लौट आती है, जिससे सब चौंक जाते हैं।विद्या अरमान और अभिरा से पूछती है कि वे साथ क्यों नहीं आए. दोनों झूठ बोलते हैं कि वे दक्ष को लेने गए थे और रूही अकेले लौटी. विद्या उनके छुट्टी की बातें करती है, और सब कुछ दिखावे में बदल जाता है। विद्या अरमान से कहती है कि वो रोहित के चश्मे पहने. अरमान ये सब विद्या को खुश करने के लिए करता है। इस दौरान, रूही खुद को पूरी तरह अनफिट महसूस करती है- उसे समझ नहीं आता कि उसके आस-पास क्या हो रहा है। अभिरा रूही से पूछती है कि वो इतनी परेशान क्यों है।

## डांस करते हुए पराग की यादों में टूटी ख्याति, अनुपमा को आया खास कॉल

**नई दिल्ली।** ‘अनुपमा’के लेटेस्ट की शुरुआत इमोश्नल मोड़ के साथ होती है जहां अनुपमा राघव के सामने अपने दर्द को नहीं छुपा पाती. वो इशानी की चिंता में डूबी होती है। राघव उसकी हालत देखकर भावुक हो जाता है और मदद करने की सोचता है। वो इशानी की सेफटी के लिए जिम्मेदारी उठाते हुए, दवाओं के सपलायर को खोजने की पहल करता है। इस बीच अनुपमा को मुख्यमंत्री के पीए का कॉल आता है, जिसमें महिलाओं के एक ग्रुप को डांस सिखाने के लिए कहता है। अनुपमा इस अवसर को एक नई शुरुआत के रूप में देखती है और हां कर देती है। ये उसके आत्मबल को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम साबित हो सकता है। आर्यन पराग को नाश्ता परोसता है, जिसे देखकर राही और प्रेम हैरान रह जाते हैं। माही कोठारी परिवार से मिलने पहुंचती है, और उसकी प्रेजेंस आर्यन को अटरैक्ट करती है। जब माही नाश्ता परोसती है, वसुंधरा उसे ‘बाहरी’ कहकर रोक देती है। माही पलटकर कहती है कि वो अब प्रेम की भाभी है, सिर्फ मेहमान नहीं। पाखी इशानी को लेकर परेशान है, पर लीला उसे अनुपमा पर छोड़ने की सलाह देती है।



# फिल्म मेरा नाम जोकर को री एडिट करना चाहते थे मनोज

**नई दिल्ली।** मनोज कुमार, जिन्हें देशभक्ति की फिल्मों करने के कारण भारत कुमार के नाम से जाना जाता था, शोमैन राज कपूर के बहुत अच्छे दोस्त थे। हाल ही में एक इंटरव्यू में, मनोज के बेटे कुणाल गोस्वामी ने राज कपूर की फिल्म मेरा नाम जोकर को याद किया, जिसने उन्हें दिवालिया होने की कगार पर ला दिया था। कुणाल ने बताया कि मनोज ने राज कपूर को प्रस्ताव दिया था कि वह फिल्म के दूसरे भाग को एडिट करेंगे।

मेरा नाम जोकर का रनटाइम 4 घंटे से अधिक था और फिल्म को दो इंटरवल के साथ रिलीज किया गया था। मनोज ने फिल्म में एक छोटी भूमिका भी निभाई थी। कुणाल ने कहा कि यह फिल्म मनोज कुमार के दिल के उतनी ही करीब थी जितनी राज कपूर के लिए थी। राज कपूर ने ही फिल्म को शुरू से आखिर तक डायरेक्ट किया, लेकिन एडिट के बारे में दोनों सितारों के बीच बातचीत हुई। उन्होंने कहा, ‘राज साहब और पिताजी के बीच कुछ बातचीत हुई थी। पिताजी ने उनसे कहा था कि आप मुझे फिल्म के दूसरे हिस्से को एडिट करने की अनुमति दें ताकि हम फिल्म का शेप बदल सकें। लेकिन, मुझे नहीं पता कि ऐसा हुआ या नहीं।



### मनोज ने की थी राज कपूर की तारीफ

एक पुराने इंटरव्यू में, मनोज ने खुलासा किया कि उन्होंने मेरा नाम जोकर में अपने किरदार के लिए कुछ लाइन्स लिखी थीं। उन्होंने कहा, ‘इस तीन-कहानी वाली फिल्म की पहली कहानी पर मैंने फिर से काम किया, लेकिन मैंने इसे नाम, शोहरत या पैसे के लिए नहीं किय। मैंने अपनी यात्रा और होटल में ठहरने का खर्च उठाया और लेखक के तौर पर श्रेय लेने से इनकार कर दिया। मेरा नाम जोकर कर्मयोगी राज कपूर को मेरी श्रद्धांजलि थी। उर्दू में ‘आवारा’ का मतलब ‘खुशबू’ होता है और आज भी राज कपूर की ‘खुशबू’ हमारी इंद्रियों को भर देती है।’

# इन फिल्मों में दिखी इंटरनेट और सोशल मीडिया के फैले जाल की कहानी

**नई दिल्ली।** वर्तमान दौर इंटरनेट और सोशल मीडिया का है। बॉलीवुड में भी सोशल मीडिया और इंटरनेट के बढ़ते वर्चस्व और इससे होने वाले खतरों को दिखाया गया है। इरफान खान के बेटे बाबिल खान की हालिया रिलीज फिल्म ‘लॉगआउट’में एक बार फिर सोशल मीडिया और इंटरनेट के वर्चस्व को दिखाया गया है। लेकिन, लॉगआउट से पहले भी कई ऐसी फिल्में और सीरीज आ चुकी हैं, जिनमें इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया को दिखाया गया है।



### सीटीआरएल

पिछले साल आई अनन्या पांडे की फिल्म ‘सीटीआरएल’ या कंट्रोल में भी सोशल मीडिया और इंटरनेट की दुनिया को ही दिखाया गया है। सीटीआरएल की कहानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर आधारित है। कैसे दो सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर का पहले ब्रेकअप होता है और फिर उनकी जिंदगी में एआई आ जाता है, जो उनकी पूरी जिंदगी बदलकर रख देता है।

### लवयापा

इसी साल फरवरी में आई आमिर खान के बेटे जुनैद खान और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म ‘लवयापा’भी एआई और डीपफेक पर एक करारा प्रहार है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे आजकल के दौर में सोशल मीडिया युवाओं के लिए कितना जरूरी हो गया है और वो अपने फोन के बिना नहीं रह सकते हैं। साथ ही डीपफेक पर भी फिल्म में तगड़ा कटाक्ष है।

### लॉगआउट

दिग्गज अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान की हालिया रिलीज फिल्म ‘लॉगआउट’ आज की जेनेरेशन के फोन में घुसे रहने और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बनने की एक कहानी है। फिल्म में बाबिल एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर बने हैं। जिसके 10 मिलियन फॉलोअर होने वाले हैं। ये होने पर उसे एक बड़ा ब्रांड मिल सकता है लेकिन इसका एक कंपीटीटर है जो इसी रेस में है। फिर अचानक उसके साथ कुछ ऐसा हो जाता है कि उसकी जिंदगी बदल जाती है। उसका सब कुछ दांव पर लग जाता है।

# रामायण में मंथरा के नाम से प्रसिद्ध नेगेटिव रोल ऐसा कि दंग रह जाते थे लोग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री 700 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। उनके नाम 70 साल से अधिक के सबसे लंबे अभिनय कॅरियर का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। सिनेमा की एक ऐसी अभिनेत्री, जिन्होंने अपने शानदार अभिनय से लाखों दिलों पर राज किया।

### ललिता पवार का जन्म

ललिता पवार का जन्म 18 अप्रैल 1916 को महाराष्ट्र के नासिक में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर में करीब 700 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और सात दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया।

### शूटिंग के दौरान हुआ हादसा

ललिता पवार ने नन्हीं उम्र से ही अभिनय शुरू कर दिया था। उनकी पहली फिल्म 1928 में आई थी। शुरू में वह मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आईं, लेकिन 1942 में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हुए हादसे ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस हादसे में उनकी एक आंख खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें मुख्य भूमिकाओं के बजाय चरित्र भूमिकाएं मिलने लगीं।



### खलनायिका के किरदार में की मिली प्रसिद्धि

ललिता पवार को सबसे ज्यादा पहचान तेज तर्रार सास और नकारात्मक किरदारों से मिली। फिल्मों जैसे अनाड़ी, श्री 420, और दहेज में उनके किरदारों को आज भी याद किया जाता है। उन्हें अपने अभिनय के लिए कई पुरस्कार भी मिले, जिसमें 1959 में अनाड़ी के लिए फिल्मफेयर सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री पुरस्कार शामिल है।

### लोग करने लगे थे नफरत

ललिता पवार ने रामानंद सागर के टीवी सीरियल ‘रामायण’ में मंथरा का किरदार निभाया था। उन्होंने यह भूमिका 1988 में प्रसारित हुए रामायण में निभाई थी। इस रोल के लिए उन्हें खूब पहचान मिली। रामानंद सागर की रामायण में मंथरा का किरदार इतना दमदार था, कि लोग उनसे असल जिंदगी में भी नफरत करने लगे थे। आज भी दर्शक उन्हें मंथरा के किरदार से ज्यादा पहचानते हैं।

### परिवार

उनकी पहली शादी गणपतराव पवार से हुई थी, जो बाद में टूट गई। बाद में उन्होंने बॉम्बे के अंबिका स्टूडियो के फिल्म निर्माता राजप्रकाश गुप्ता से शादी की। उनके बेटे जय पवार एक निर्माता बन गए और उनके साथ मंजिल जैसी फिल्मों में काम किया।

### निधन

ललिता पवार का निधन 24 फरवरी 1998 को पुणे में हुआ, लेकिन उनके किरदारों के जरिए वह आज भी लोगों के दिलों में जिंदा हैं।

# जाट की पकड़ बरकरार सिकंदर का खेल खत्म



**मुंबई।** इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर तीन बड़ी फिल्में प्रदर्शित हो रही हैं। इनमें ‘जाट’ अपनी मजबूत पकड़ के साथ बाजी मार रही है। इस एक्शन से भरपूर फिल्म ने दर्शकों के बीच अपनी जगह बनाई है और मजबूती से टिकट खिड़की पर टिकी हुई है। दूसरी ओर, अजित कुमार की ‘गुड बैड अग्ली’ अपने बड़े बजट के हिसाब से उम्मीदों पर खरी नहीं उतर रही है। हालांकि, यह स्थिर कमाई कर रही है। वहीं, सलमान खान की ‘सिकंदर’ का हाल बेहाल है, जिसकी कमाई अब लगभग ठप हो चुकी है। ‘जाट’ ने अपनी रिलीज के बाद से ही दर्शकों का ध्यान खींचा है। गुरुवार को फिल्म ने चार करोड़ रुपए का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसका कुल कलेक्शन 61.5 करोड़ रुपए हो गया है। फिल्म की कहानी, दमदार एक्शन सीक्वेंस और किरदारों की गहराई ने इसे दर्शकों के बीच लोकप्रिय बनाया है। सलमान खान की ‘सिकंदर’ बॉक्स ऑफिस पर पूरी तरह से दम तोड़ चुकी है। 19वें दिन फिल्म ने मात्र 15 लाख रुपए का कलेक्शन किया, जिसके साथ इसकी कुल कमाई 109.9 करोड़ रुपए हो गई है। सलमान के स्टारडम को देखते हुए यह प्रदर्शन निराशाजनक है। कमजोर स्क्रिप्ट और दिशाहीन कहानी ने फिल्म को शुरुआत से ही नुकसान पहुंचाया। बॉक्स ऑफिस पर यह इस साल की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में से एक बन चुकी है। ‘गुड बैड अग्ली’ ने अपने आठवें दिन यानी गुरुवार को पांच करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।